*     ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

28 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 188










# बीडीओ का शव पंखे से झूलता हुआ मिला

- आत्महत्या या हत्या पुलिस मामले की करेगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशुनपुरा (गढ़वा)।** गढ़वा जिला अंतर्गत विशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के अपने सरकारी आवास में फांसी लगा कर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। जानकारी के अनुसार बीडीओ शनिवार को कार्यालय नहीं पहुंचे। प्रखंड कार्यालय का कर्मी दोपहर तीन बजे जरूरी कागजात पर दस्तखत करवाने के लिए बीडीओ के घर पहुंचा, तो देखा कि दरवाजा अंदर



से बंद है। उसने खिड़की से देखा तो बीडीओ का शव पंखे से झूलता दिखा। उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर थाना प्रभारी राहुल सिंह बीडीओ आवास पर पहुंचे। उन्होंने भी खिड़की से ही बीडीओ का शव पंखे ले लटका देखा। उन्होंने वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी, जिसके बाद जिला के उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय समेत अन्य अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई कर रही थी। पदाधिकारी उनकी पत्नी का आने का इंतजार कर रहे थे। बीडीओ सिमडेगा के रहने वाले थे। उनकी पत्नी का नाम ज्योति खलखो है। पत्नी सरकारी शिक्षक हैं। एक लड़का रेक्स कर-केट्टा जो वर्तमान मे हटिया सिंह मोड़ अनीश अपार्टमेंट में रहता है। बीडीओ 2021 से वहां पदस्थापित थे। खबर लिखे जाने तक पुलिस अड़ोस-पड़ोस और कार्यालय के कर्मियों से बीडीओ के बारे में जानकारी ले रही थी। अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद थे। फिलहाल आत्महत्या या हत्या किसी बात की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारी आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे।

# सरायकेला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अनुशासनहीनता को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने सरायकेला के प्रिंसिपल जिला जज विजय कुमार नंबर 3 को निलंबित किया है। इसकी पुष्टि हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने की है। उन्होंने बताया कि अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए बीते शुक्रवार को सरायकेला



के प्रिंसिपल जिला जज विजय कुमार नंबर 3 को हाइकोर्ट ने निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद विजय कुमार ने अन्य न्यायिक अधिकारी को सरायकेला प्रधान जिला जज का चार्ज दे दिया है। रजिस्ट्रार जनरल ने बताया कि हाइकोर्ट ने विजय कुमार नंबर 3 से कहा है कि उनका मुख्यालय झारखंड हाइकोर्ट रहेगा, लेकिन अभी तक उन्होंने मुख्यालय ज्वाइन नहीं किया है।

# इंडी गठबंधन पांच साल में पांच पीएम बनायेगा : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा कि कांग्रेस की सरकार आयी, तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवायेगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस की सरकार आयी तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लायेंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन



धर्म को बदनाम कर रहे हैं। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है कि सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

# ममता हेलिकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ा कर गिरीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ा कर गिर गयीं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गयी थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकल कर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गयीं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गयी थीं। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है।

# शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन



- सीएम चंपाई सोरेन , कल्पना, बसंत समेत अन्य नेता नेमरा पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का शनिवार को रांची में निधन हो गया। राजाराम 84 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनके पार्थिव शरीर को रांची से पैतृक आवास नेमरा लाया गया। जहां धार्मिक रीतिरिवाज के कार्यक्रम के बाद अंतिम यात्रा निकाली गयी। घर से कुछ दूरी पर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। राजाराम के बड़े पुत्र पुत्र दयानन्द सोरेन ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर शिबू सोरेन के अलावा उनकी पत्नी रूपी सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरन समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

राजाराम सोरेन के निधन की सूचना पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन नेमरा पहुंचे। वह शोकाकुल परिजनों से मिले और अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री राजाराम के अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हेमंत को श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए नहीं मिली जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल नहीं हो सकेंगे। इडी कोर्ट ने उनकी ओर से दाखिल प्रोविजनल बेल की गुहार को खारिज कर दिया है। हेमंत सोरेन ने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए 13 दिनों की प्रोविजनल बेल की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर शनिवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन 31 जनवरी 2024 से न्यायिक हिरासत में हैं।



# चतरा की ग्राउंड रिपोर्ट: हर तरफ गूंज रही स्थानीय की गूंज

## ■ 'माटी के बेटे' से दो-दो हाथ करने के लिए कांग्रेस ने पलामू से भेजा केएन त्रिपाठी को

## ■ इस बार के चुनाव में स्थानीय के शोर में चतरा में बह जायेंगे दूसरे मुद्दे

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के 14 में से आठ अनारक्षित संसदीय सीटों में से एक चतरा में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। यहां से कांग्रेस ने राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को मैदान में उतारा है, जो चतरा के स्थानीय भाजपा नेता कालीचरण सिंह को चुनौती देंगे। कालीचरण सिंह ने नामांकन दाखिल कर दिया है और अब भाजपा ही नहीं, पूरा चतरा इस स्थानीय उम्मीदवार को लेकर बेहद उत्साहित है। दूसरी तरफ त्रिपाठी पलामू जिले के निवासी हैं और डालटनगंज से वह विधायक भी रह चुके हैं। ऐसे में चतरा संसदीय सीट से उन्हें टिकट देकर कांग्रेस ने जातीय दांव तो चला है, लेकिन उसका यह दांव 'स्थानीय' बनाम 'बाहरी' के शोर में गुम हो जाने की पूरी संभावना है। उनके सामने केवल चतरा के मतदाताओं, खास कर मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की चुनौती नहीं है, बल्कि राजद और कांग्रेस के नाराज कार्यकर्ताओं को भी साधने की चुनौती है। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट काट कर एक स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को चतरा से उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने चतरा के वोटरों की इच्छा के विपरीत 'बाहरी' को टिकट दिया है। कांग्रेस के इस निर्णय का कांग्रेस के अंदर ही भारी विरोध हो रहा है। राजद तो विरोध कर ही रहा है। पिछले दिनों रांची में झामुमो की उलगुलान रैली में केएन त्रिपाठी और चतरा के कांग्रेसी और राजद कार्यकर्ताओं ने मारपीट भी हुई थी। रैली में केएन त्रिपाठी के खिलाफ नारेबाजी के दौरान मामला उलझ गया और दोनों ओर से मारपीट हो गयी। उसमें केएन त्रिपाठी के भाई का सिर भी फट गया। बाद में दोनों पक्षों की ओर से धुर्वा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उत्तरी छोटानागपुर डिवीजन का यह जिला बेहद पिछड़ा तो है ही, विकास के लिए उसकी छटपटाहट को भी शिद्दत से महसूस किये जाने की जरूरत है। चतरा कभी पूरी दुनिया में चर्चित हुआ था, क्योंकि नक्सलियों ने इसे पहला 'लिबरेटेड जोन' (स्वतंत्र क्षेत्र) घोषित किया था। बाद में यहां औद्योगिक गतिविधि परवान चढ़ी और चंदवा में आधुनिक और एस्सार का दो बड़ा प्लांट यहां स्थापित हुआ। उसमें लोगों की जमीनें गयीं। नौकरी की आस में ग्रामीणों ने अपनी जमीन दी। रोजगार के लिए कर्ज लेकर ट्रक और अन्य वाहन खरीद लिये। आज वहां कारखाने के नाम पर वीरानगी है। कारखानों से कबाड़ की चोरी हो रही है। गरीबी और पिछड़ेपन के अलावा पलायन जैसे मुद्दे यहां भी हैं, लेकिन इस बार चारों तरफ 'स्थानीय सांसद' का ही शोर सुनाई दे रहा है। मुकाबले की तस्वीर साफ होने के बाद चतरा संसदीय क्षेत्र का क्या है माहौल और क्या हैं चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पांच साल से चतरा लोकसभा की जनता की मांग थी कि चाहे कोई भी दल हो, उसे स्थानीय प्रत्याशी ही चाहिए। चतरा के लोग इस बार ऐसे किसी स्थानीय प्रत्याशी को संसद में भेजने के मूड में हैं, जो जीतने के बाद उनके लिए सहज उपलब्ध हो, उनका दुख-दर्द सुने, संकट के समय आधी रात को भी कंधा से कंधा मिला कर खड़ा रहे। उनकी लोकल समस्याओं को संसद के पटल पर रख पाये और हल भी निकले, केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। इस मौके को भाजपा ने भांपा और उतार दिया कालीचरण सिंह को। कालीचरण सिंह चतरा में शिक्षक रहे हैं। लोगों के जेहन में उनका नाम उस समय आया, जब कोरोना से चतरा के लोग बेहाल थे। उस समय कालीचरण सिंह ने जितना बन सका, किया। लोगों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं किये। वैसे तीन जिलों में फैला चतरा लोकसभा क्षेत्र अब पूरे तरीके से चुनावी मोड में आ चुका है। यहां की जनता बेहद उत्साहित है। उत्साह यहां के प्रत्याशी को लेकर है। जनता का मानना है कि यहां भाजपा ने जो प्रत्याशी कालीचरण सिंह के रूप में दिया है, वह उसकी मांग के अनुरूप है। चूंकि चतरा की बहुत सारी लोकल समस्याएं हैं और उन समस्याओं को कोई स्थानीय ही समझ सकता है, इसलिए ऐसा प्रत्याशी ही सांसद बनने के उपयुक्त है। भाजपा ने चतरा लोकसभा में पहले जो सर्वे कराया था, उसमें पाया था कि जनता लोकल प्रत्याशी के मूड में है। भाजपा के पास कालीचरण सिंह से बेहतर कैंडिडेट और कौन हो सकता था। चूंकि सुनील सिंह को लेकर जनता में यह नैरेटिव सेट हो गया था कि वह चतरा में दूज के चांद की तरह आते हैं। कब आते हैं और कब जाते हैं, उनके पांच से सात खास लोग ही जानते हैं। सुनील सिंह को लोगों का फोन नहीं उठाने की बीमारी भी हो गयी थी। इसे लेकर चतरा की जनता में सुनील सिंह के प्रति रोष था और इस बार चतरा की जनता माटी के लाल और अपने बीच के ही किसी व्यक्ति को संसद भेजने के मूड में थी, तो भाजपा ने यह मौका भुनाया।

शुक्रवार को जैसे ही भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया, भाजपा पूरे एक्टिव मोड में दिखी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को लेकर माहौल ठंडा दिखा। आजाद सिपाही की टीम ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान यही पाया कि यहां फाइट तो है, लेकिन यह फाइट अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने की है। यहां जीत-हार की नहीं, जीत के मार्जिन की चर्चा हो रही है। कालीचरण सिंह कितने वोटों के अंतर से जीतेंगे, उस पर चर्चा हो रही है। यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर इंडी गठबंधन कोई मजबूत और स्थानीय प्रत्याशी देता, तो चतरा में मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता था। यहां यह बताना जरूरी है कि चतरा से राजद भी दावेदार था। इसके पहले के चुनाव में यहां से भाजपा के सुनील सिंह के खिलाफ राजद के सुभाष यादव और कांग्रेस के मनोज यादव मैदान में थे। उसी समय से राजद चतरा सीट पर तैयारी कर रहा था। सुभाष यादव जब बालू की अवैध तस्करी में इडी का शिकंजा कसा, तो यहां राजद ने दूसरे उम्मीदवार की खोज शुरू की। उसने अरुण सिंह नामक व्यवसायी को ढूंढ़ भी निकाला। टिकट की लालच में भाजपा छोड़ गढ़वा के गिरिनाथ सिंह ने राजद भी ज्वाइन कर ली, लेकिन अंततः यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी और उसने केएन त्रिपाठी को यहां से उम्मीदवार बना दिया। उम्मीदवारी की घोषणा होते ही यहां महागठबंधन में कलेश शुरू हो गया, वह आज तक जारी है।




### कालीचरण हैं मिलनसार, जमीन से जुड़ी शख्सियत हैं

कालीचरण सिंह के बारे में लोगों का कहना है कि वह बहुत मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। उनके आवास पर उनसे मिलने कोई ग्रामीण चला जाये, तो कालीचरण बिना नाश्ता कराये वापस नहीं भेजते हैं। वह उस शख्स से पूछते भी हैं कि उसके पास वापस जाने के लिए भाड़ा है या नहीं। अगर नहीं है, तो कालीचरण सिंह उसके लिए भाड़ा भी उपलबध करवाते हैं। कालीचरण सिंह जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। कोरोना काल में कालीचरण सिंह ने जरूरतमंदों की खूब मदद की। जरूरतमंदों के लिए उन्होंने अपने दरवाजे बंद नहीं किये। आज चतरा में यह चर्चा सर्वत्र है। कालीचरण सिंह का मानना है कि चतरा में रेल से जुड़ी समस्या है, जिसे वह सुलझाने का प्रयत्न करेंगे। अभी भी अगर चतरा के लोगों को ट्रेन से बाहर जाना होता है, तो वे या तो गया या कोडरमा का रुख करते हैं। जिस दिन चतरा में रेल की समस्या का निपटारा हो जायेगा, तो चतरा की जनता के लिए यह वरदान से कम नहीं होगा। जानकारों की मानें को स्थानीय होने का कालीचरण सिंह को भरपूर लाभ मिल सकता है।

### कांग्रेस के खेमे में अब तक उत्साह नहीं

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी की बात करें, तो उनके पक्ष में माहौल अभी ठंडा दिखा। जनता का मानना है कि अभी कांग्रेस बहुत एक्टिव नहीं हुई है। चूंकि कांग्रेस और राजद में अंदरूनी जंग चालू है, इसलिए उत्साह की कमी है। राजद समर्थकों का मानना है कि चतरा से राजद का ही प्रत्याशी होना चाहिए था। राजनीति के जानकारों का भी मानना है कि अगर इंडी गठबंधन राजद का कोई प्रत्याशी देता, जो स्थानीय होता, तो यहां भाजपा से दो-दो हाथ किया जा सकता था। केएन त्रिपाठी को लोग बाहरी समझ रहे हैं। लेकिन उनका भी अपना दावा है कि वह भी स्थानीय हैं। वैसे चतरा पर राजद का स्वाभाविक दावा रहा है और उसके प्रत्याशी को टिकट नहीं मिलने से गठबंधन को इसका खामियाजस भुगतना पड़ सकता है। सच कहा जाये तो चतरा में कांग्रेस का संगठन सक्रिय नहीं है। वैसे चतरा इलाके में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का काफी प्रभाव रहा है, लेकिन आयकर की छापेमारी के बाद से धीरज सिंह राजनीतिक गतिविधियों से एक तरह से दूर-दूर ही रह रहे हैं।

### राजद के साथ मुसलमानों को मनाना बड़ी चुनौती

कुछ दिन पहले ही चतरा लोकसभा क्षेत्र के मुसलामानों ने एक बैठक भी की थी। उसमें चर्चा हुई कि अगर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ही रहेंगे, तो तीसरे मोर्चे पर भी विचार किया जा सकता है, अन्यथा स्थानीय प्रत्याशी और माटी के बेटे कालीचरण सिंह को ही मदद करेंगे। मुसलमानों का कहना था कि आखिर कब तक वह झंडा ढोते रहेंगे। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा था कि जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी। मुसलमानों की पीड़ा है कि झारखंड में लगभग 14 फीसदी आबादी होने के बावजूद महागठबंधन ने एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया, ऐसे में हम कब तक झंडा ढोते रहेंगे। मुसलमानों के रुख से यह साफ है कि वह चुनाव के समय वह महागठबंधन उम्मीदवार से दूरी बना सकते हैं। मन मुताबिक उम्मीदवार नहीं होने के कारण मुसलमानों का उत्साह गायब हो गया है।

इसी तरह जिस तरीके से रांची में हुई उलगुलान रैली के दौरान राजद और केएन त्रिपाठी के समर्थकों के बीच लात-घूंसे चले और कुर्सियों से मारामारी हुई, उससे राजद के कार्यकर्ता बेहद नाराज हैं। वे आक्रोशित भी हैं। राजद की लोकल बैठकों में कार्यकर्ताओं ने एलान भी किया है कि अगर केएन त्रिपाठी ही उम्मीदवार होंगे, तो वे किसी निर्दलीय प्रत्याशी की मदद करेंगे। लोकल जानकारों का मानना है कि चतरा में राजद का ही वर्चस्व रहा है। कांग्रेस यहां सांगठिनक रूप से बहुत कमजोर है। 1984 के पहले यहां कांग्रेस का जनाधार था, लेकिन अब वह बात पुरानी हो गयी है। अभी झारखंड में राजद के एकमात्र विधायक हैं सत्यानंद भोक्ता, जो सरकार में मंत्री भी हैं। वह चतरा से ही आते हैं। इसके बावजूद केएन त्रिपाठी को टिकट देना गठबंधन की भूल है। कुछ लोगों का मानना है कि गिरिनाथ सिंह राजद के कद्दावर नेता रहे हैं, मंत्री भी रहे हैं। भाजपा में वह चले भी गये, लेकिन पुनः जब उनकी वापसी हुई, तो ऐसा लगा था कि गिरिनाथ सिंह को ही टिकट मिलेगा, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। गुरुवार को गिरिनाथ सिंह ने चतरा में बैठक भी की थी। उसमें उन्होंने कहा था कि अगर जनता की मांग है और जनता चाहेगी, तो वह चुनाव लड़ने के लिए मन बना सकते हैं।

चतरा भ्रमण के दौरान यह साफ दिखा कि भाजपा की तरफ से प्रचार उफान पर है। कार्यकर्ता उत्साहित भी हैं। दूसरी तरफ अभी मान-मनव्वल और वाद-विवाद ही चल रहा है। हां, कुछ जगहों पर केएन त्रिपाठी के समर्थक जरूर सक्रिय हुए हैं। जब तक वह पूरी तरह सक्रिय होंगे, तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

# मोदी ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया: बाबूलाल

- मांडर में जनसभा, कहा- इंडी गठबंधन झारखंड और विकास विरोधी
- लोहरदगा से समीर उरांव को विजयी बनाने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मांडर के सोसइ आश्रम में आयोजित जनसभा में कहा कि पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इन 10 वर्षों में उन्होंने जो काम किया, यह सबके सामने है। सभी वर्ग के लिए काम किया। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब नरेंद्र मोदी विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं, तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। घरों में शौचालय बनवाया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचायी। अब पांच किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, ताकि गरीब भूखे नहीं रहें।



**आज लोहरदगा-पलामू में जनसभा**

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 28 अप्रैल को लोहरदगा और पलामू में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। इसके बाद लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे।

### दस साल में चार करोड़ को आवास

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराये। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करायेंगे। किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

### विकास विरोधी है झारखंड सरकार

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। जयपाल सिंह पहले लड़ रहे थे। कांग्रेस की सरकार ने जयपाल सिंह को भी अपनी पार्टी में मिला लिया। पैसे दिया, लेकिन झारखंड राज्य नहीं दिया। बाद में शिबू सोरेन को भी सरकार बचाने के लिए पैसा दिया और जब सीबीआइ जांच हुई तो तिहाड़ जेल भेज दिया। कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है। झारखंड अलग राज्य एनडीए सरकार की देन है। कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। राजनीतिक दुकान बंद हो रही है, इस कारण वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है।

### हेमंत के संरक्षण में जमीन का खेल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में फर्जी कागज बना कर जमीन बेचने का काम दलालों ने किया। यह काम हेमंत सोरेन के संरक्षण में हुआ। यहां तक कि सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। यही कारण है कि आज हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। हमने हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इसकी जांच की बात की थी। अगर वह जांच करते तो उनको आज जेल नहीं जाना पड़ता है।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज रामटहल ने छोड़ा कांग्रेस का दामन

# झंडा ढोने के लिए कांग्रेस में नहीं गया था: रामटहल चौधरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ दिया। उन्होंने प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिये जाने पर नाराजगी जतायी। साथ ही कहा कि वह झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आये थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है।

रामटहल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर से बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जायेगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई, तो वह सबके सामने है। कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय नीतीश कुमार भी आइएनडीआइए में थे। रांची से सीट देने की भी बात कही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपा से जीता था, तो पार्टी को केवल दिया। उससे कुछ लिया नहीं। बता दें कि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी 28 मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे।

# छात्र संगठनों से मिल रहा डंडे, झंडे और एजेंडे का हुनर

**जानकारी**

सलोनी

**आम चुनाव** के शुरू होते ही बड़ी और क्षेत्रीय पार्टियों के छात्र संगठन सक्रिय रूप से चुनावी महासमर में उतर चुके हैं। इनके पास अपनी रणनीति और अपने एजेंडे हैं, जिनके बल पर युवा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कवायद कर रहे हैं। खासतौर पर ऐसे युवाओं पर इनकी नजर है, जो पहली बार इस लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दरअसल, सियासत की नर्सरी में भी लोकसभा चुनाव की हलचल है। संसदीय सफर के ककहरे का पूरा क्लास लग रहा है। नेता बनने के तरीके जानने के लिए विद्यार्थियों में बेचैनी है। इन उफान मारती तमन्नाओं को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों के छात्र संगठन प्लेटफॉर्म बन रहे हैं। इतना ही नहीं, आगे बढ़ने के तरीके बताने का पूरा पैकेज उपलब्ध करा रहे हैं। विद्यार्थियों को भी लगता है कि जो नेता उन्हें टीवी पर दूर से नजर आते हैं या मंच के नीचे से जिन्हें देखना पड़ता है, वे साथ में बैठाकर चुनाव प्रचार के बहाने राजनीति का गुर सिखा रहे हैं। विश्वविद्यालयों में प्रवेश,परीक्षा और परिणाम सही करने के लिए आंदोलन करने वाले छात्र संगठनों की यह चुनावी भूमिका आम विद्यार्थियों के बड़े हिस्से को भी आकर्षित कर रही है। कई तो पहली बार विचारधारा का पाठ भी पढ़ रहे हैं।

## छात्र संगठन के मुद्दे

चुनावी जनसंपर्कों के पारंपरिक तरीकों के साथ ही छात्र संगठनों के द्वारा सोशल मीडिया का भी प्रयोग जमकर किया जा रहा है। युवाओं से संपर्क साधने में सभी छात्र संगठनों के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। एबीवीपी जहां सरकार की उपलब्धियां से युवाओं को रूबरू करा रही है तो वहीं विपक्षी दलों के छात्र संगठन सरकार की नाकामियों और शिक्षा व्यवस्था की कमियों को युवाओं के बीच रख रही है। इस चुनाव में खासतौर पर झारखंड के छात्र-छात्राओं के स्थानीय मुद्दे भी चर्चा में हैं। पेपर लीक कांड के अलावा केरल व अन्य राज्यों में छात्रों के साथ हिंसा भी एक प्रमुख मुद्दे के तौर पर इस चुनाव में सरगर्म है।

## राष्ट्रीय मुद्दों पर छात्रों को गोलबंद कर रही विद्यार्थी परिषद



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रचार के साथ चुनावी मैदान में है। संगठन के एक नेता ने कहा कि स्वयं हित से परे होकर समाज व राष्ट्र हित के लिए कार्य करने वालों के साथ हम सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता खड़े रहेंगे। चाहे वह धारा 370 की बात हो चाहे राम जन्मभूमि का विषय हो। ये जो वर्षों से समस्यायें चल रही थी इन सभी का बिना किसी हिंसा के सफलतापूर्वक हल किया गया। वहीं झारखंड की सभी परीक्षाओं का प्रश्न लीक होना भी इनके लिए बड़ा मुद्दा है। इस चुनाव में सभी युवा इस विषय को ध्यान में रखते हुए अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार विद्यार्थी परिषद की भूमिका पहली बार मतदाता बने युवाओं की लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराना है। इसके लिए नव मतदाता सम्मेलन, नुक्कड़ नाटक, हर-घर संपर्क जैसे कार्यक्रमों को भी हम सभी परिषद के कार्यकर्ता करेंगे।

## प्रत्याशियों के प्रचार का प्लान बी

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू का स्टूडेंट विंग) लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी और गठबंधन के पक्ष में युवाओं से संवाद करने, जनसंपर्क चलाने, पार्टी की रणनीति के अनुरूप साथ मिलकर प्रत्याशी के पक्ष में कार्यक्रमों की तैयारी सुनिश्चित करने, सोशल मीडिया कैंपेन चलाने का कार्य कर रहा है। इसके अलावा नौजवानों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संगठन की तरफ से छोटी-बड़ी सभाओं, समाज के प्रबुद्ध लोगों, महिलाओं के समूह और युवाओं की टोली के साथ बैठक और डोर टू डोर कैंपेन के साथ ही मीडिया और सोशल मीडिया, रील और स्टोरीज के माध्यम से प्रचार को गति दी जा रही है।

## एनएसयूआइ: बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर हमलावर

एनएसयूआइ के युवा कार्यकर्ता मोदी सरकार पर बेरोजगारी के मुद्दे पर हमलावर हैं। एनएसयूआइ के छात्र नेताओं का कहना है कि आज देश में छात्रों, युवाओं के लिए सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार का है। एनएसयूआइ के नेताओं ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश से रोजगार खत्म किया है, इससे छात्रों में काफी आक्रोश है। यह आक्रोश भाजपा के खिलाफ वोट के रूप में तब्दील होगा। कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआइ पार्टी के मुद्दों को विद्यार्थियों के बीच प्रचारित कर रहा है। खासकर केंद्र सरकार के विभागों में खाली 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति दिलाने का वादा पार्टी की ओर से कर रहा है। इसी तरह हर ग्रेजुएट एवं डिप्लोमाधारी युवाओं को एक लाख प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के साथ सरकारी प्राइवेट कंपनियों में अप्रेंटिसशिप (नौकरी) की गारंटी की बात भी कही जा रही है। इसके अलावा पांच हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्टअप फंड देकर उद्यमी बनाने की गारंटी से भी युवा भावनाओं को कांग्रेस के पक्ष में भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। एनएसयूआइ अग्निपथ योजना के खिलाफ भी विद्यार्थियों की पंचायत लगा रहा है।

## कैसा चल रहा राजनीति का पाठ

जानकार कहते हैं कि विद्यार्थियों की अपने समूह में लोकप्रिय होने और आगे बढ़कर नेतृत्व करने की प्रबल इच्छा होती है। अगर उन्हें सही तरीके से प्रशिक्षित कर सकारात्मक दिशा दी जाय तो बड़े परिवर्तन हो सकते हैं। जेपी आंदोलन इसका गवाह है। उस छात्र आंदोलन से निकले लोग लगभग हर राज्य में सत्ता या विपक्ष की नेतृत्वकारी भूमिका में हैं। लोकसभा चुनाव विद्यार्थि?ों को संसदीय राजनीति के प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराता है। पढ़ाई के साथ संतुलन रखते हुए विद्यार्थी इस प्रक्रिया में काफी कुछ सीख सकते हैं। जो राजनीति के अलावा भी उनके जीवन में काफी फलदायक साबित हो सकता है।

# मालदा में कांग्रेस का किला दरका वोट बंटवारे के भरोसे भाजपा

**बैटल ऑफ बंगाल**

अक्षय



प्रसून बनर्जी (टीएमसी)



मोश्ताक आलम (कांग्रेस)



खगेन मुर्मू (भाजपा)

**पश्चिम बंगाल** के मालदा क्षेत्र में मुकाबले का रोमांच इसी से समझ लीजिए कि हाल तक आइजी रहे प्रसून बनर्जी वर्दी उतार चुनावी अखाड़े में ताल ठोक रहे हैं। कई बंगाली फिल्मों में काम कर चुके पूर्व आइपीएस अफसर प्रसून प्रचार भी फिल्मी अंदाज में करते हैं। सभाओं में चुनाव के दौरान अर्द्धसैनिक बलों को वोटरों को डराने की हिमाकत न करने और हद में रहने की ललकार लगाते रहते हैं।

कांग्रेस ने मोश्ताक आलम को उतारा है, तो भाजपा से पिछली बार जीते खगेन मुर्मू मैदान में हैं, जो प्रचार के दौरान एक महिला को किस कर विवाद में हैं। हाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रोड शो कर माहौल गरमा दिया है। आधे से कुछ ज्यादा मुस्लिम मत यहां रुख बदलने की ताकत रखते हैं। बदले माहौल में वे पहले से ज्यादा एकजुट हैं, क्योंकि पिछले चुनाव में बंटने का हश्र देख चुके हैं। कांग्रेस और तृणमूल में वोट बंटवारे का लाभ भाजपा प्रत्याशी उठा ले गया।

इस बार इमामों की जमात वोट न बंटने देने के लिए अपील कर सकती है। हालांकि मुस्लिम बहुत सीट सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में अपनी हार से तृणमूल बेफिक्र नहीं है। यहां 93.65% ग्रामीण और 6.35% शहरी आबादी है। एससी 23.44 व एसटी 10.13 फीसदी है। परिणामों पर नजर दौड़ायें, तो भाजपा की छलांग सबसे ऊंची है। 2009 में भाजपा का मत प्रतिशत मात्र 6.67 फीसदी था, जो 2014 में बढ़कर 15.39% तक पहुंच गया। 2019 में तो पार्टी ने सभी को चौंकाते हुए मत प्रतिशत बढ़ाकर 37.61% कर लिया और ऐन चुनाव के वक्त माकपा से भाजपा में आये खगेन मुर्मू ने गनी खान परिवार की तृणमूल प्रत्याशी मौसम नूर को 85 हजार वोटों से शिकस्त दे दी। कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में से चार पर टीएमसी और तीन पर भाजपा का कब्जा है।

**कमजोर हो रहा कांग्रेस का गढ़**

गनी खान चौधरी का नाम अब भी यहां चलता है। इसी कारण इसे कांग्रेस का गढ़ कहते हैं। इस मिथक को भाजपा के कुशल रणनीतिकारों ने ध्वस्त कर दिया। पिछली बार उतरे उनके भतीजे इशा खान ने इस बार सीट बदल कर दक्षिण मालदा कर ली। उनकी भतीजी मौसम भी यहां से प्रत्याशी थी, लेकिन इस बार इस सीट पर गनी परिवार का कोई नहीं है।

**वोटर के मन में मोदी-दीदी दोनों**

स्थानीय दुकानों-पटरियों में मोदी का कैलेंडर टंगा हुआ दिखता है। लोग कहते हैं, मोदी की बात पसंद है। ममता की लोकप्रिय लक्ष्मी भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जिक्र पर वे कहते हैं, दीदी हमसे पैसा लेकर हमको ही तो देती है।

# महिलाओं ने चूम लिया था मतपत्र

**चुनावी किस्सा**

राजवीर



**आजादी** के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक तमाम चुनाव और मतगणना में कुछ ऐसी मजेदार घटनाएं होती रही हैं, जो दशकों तक लोगों को याद रह जाती हैं। ऐसा ही एक दिलचस्प वाकया 1984 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान प्रयागराज (तब इलाहाबाद ) में हुआ। उस दौरान सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने अपने गृहजनपद की इलाहाबाद संसदीय सीट से ताल ठोकी थी। तब अमिताभ बच्चन का हर वर्ग के लोगों पर क्रेज था। महिलाएं उनकी कुछ ज्यादा ही प्रशंसक थी। उस दौरान मतदान के दिन बिग बी की तमाम महिला प्रशंसकों ने उन्हें अपना मत देने के बाद मतपत्र को होठों से चूम लिया। इस वजह से काफी संख्या में महिलाओं के लिपिस्टक की छाप मतपत्र में हो गयी। जब मतगणना हुई, तो नौ हजार से ज्यादा मतपत्र रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने अवैध घोषित कर दिये। दरअसल, इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कंधों पर कांग्रेस की जिम्मेदारी आ गयी। सत्ता में वापसी करना ही उनका लक्ष्य था। आम जनता की पूरी सहानुभूति कांग्रेस के साथ थी। कांग्रेस को बहुगुणा से हिसाब बराबर करना था। क्योंकि भारतीय लोकदल के दिग्गज नेता हेमवती नंदन बहुगुणा ने 1977 में कांग्रेस छोड़कर जनता पार्टी को केंद्र की सत्ता में पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभायी थी। इसी वजह से राजीव गांधी ने अपने दोस्त अमिताभ बच्चन को इलाहाबाद सीट से मैदान में उतार दिया। चूंकि अमिताभ सुपर स्टार होने की वजह से विदेशों में भी लोकप्रिय थे तो तमाम विदेशी मीडिया भी यहां पहुंच गयी। अमिताभ तब खुली जीप से ही प्रचार को निकलते। उनकी एक झलक पाने के लिए युवतियों, महिलाओं में खूब होड़ मची रहती। 1984 में चुनाव में इवीएम जैसी चीज नही थी। मतपत्र से ही चुनाव हुए थे। महिलाओं की दीवानगी इस हद तक बढ़ गयी थी कि मतदान के दिन उन्होंने मतपत्र पर ठप्पा लगाने के बाद उसे चूमा भी। इससे उनकी लिपिस्टक की छाप उसमें लग गयी। तब केपी कॉलेज में तकरीबन 20 घंटे मतगणना चली। तब तकरीबन हर बूथ पर महिलाओं द्वारा मतपत्र का चुंबन लिये जाने से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न पर लिपिस्टक की छाप मिल रही थी। इसकी गिनती हुई तो 9736 बैलेट पेपर पर महिलाओं द्वारा चूमे जाने से लिपिस्टक की छाप मिली। इसे रिटर्निंग अफसर ने अवैध घोषित कर दिया। उस दौरान जया बच्चन ने संबंधित मत को निरस्त न करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मतदाता ने स्पष्ट रूप से पंजे पर मुहर लगायी है, लेकिन अतिउत्साह में मतपत्र को चूमने में लिपिस्टक की छाप आ गयी है। इन मतपत्रों को वैध किया जाये।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं० - **1800-331-1950** एवं Voter Helpline Number - **1950** पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline
cVIGIL
Saksham-ECI
KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

P.R. 324145 (Election) 24-25






## शह-मात को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन में घमासान

# झारखंड की 14 सीटों पर बिछ गयी बिसात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से झारखंड में मतदान होना है। इसे लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन ने पूरी शक्ति झोंक दी है। सभी 14 लोकसभा सीटों पर दोनों गठबंधनों ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। दोनों गठबंधनों के बीच रोचक मुकाबले की बिसात भी बिछ गयी है। इंडी गठबंधन में चार राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआइ माले को जगह मिली है। लेकिन इस बार भी मुख्य मुकाबला एनडीए और गठबंधन के बीच ही है। लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम कितना प्रभाव छोड़ पायेंगे, यह तो 4 जून को मतगणना के बाद ही पता चल पायेगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से राजमहल और सिंहभूम को छोड़ कर सभी 12 सीटों पर एनडीए (भाजपा और आजसू) ने जीत दर्ज की थी, जबकि राजमहल सीट से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा और सिंहभूम से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गीता कोड़ा की जीत हुई थी। इस बार गीता कोड़ा सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं और झामुमो की जोबा मांझी से उनका सीधा मुकाबला है।

### इनके बीच होगा मुकाबला




रांची लोकसभा सीट
यशस्विनी सहाय-कांग्रेस
संजय सेठ-भाजपा

लोहरदगा लोकसभा सीट
सुखदेव भगत- कांग्रेस
समीर उरांव-भाजपा
चमरा लिंडा-निर्दलीय

चतरा लोकसभा सीट
केएन त्रिपाठी-कांग्रेस
कालीचरण सिंह-भाजपा

पलामू लोकसभा सीट
ममता भुइयां-राजद
वीडी राम-भाजपा

खूंटी लोकसभा सीट
अर्जुन मुंडा- भाजपा
कालीचरण मुंडा-कांग्रेस

सिंहभूम लोकसभा सीट
गीता कोड़ा-भाजपा
जोबा मांझी-झामुमो

जमशेदपुर लोकसभा सीट
समीर मोहंती-झामुमो
विद्युत बरण महतो-भाजपा

राजमहल लोकसभा सीट
विजय हांसदा-झामुमो
ताला मरांडी-भाजपा
लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय

दुमका लोकसभा सीट
नलिन सोरेन-झामुमो
सीता सोरेन-भाजपा

गोड्डा लोकसभा सीट
निशिकांत दुबे-भाजपा
प्रदीप यादव-कांग्रेस

गिरिडीह लोकसभा सीट
मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो
चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू

कोडरमा लोकसभा सीट
अन्नपूर्णा देवी-भाजपा
विनोद सिंह-सीपीआइ माले

धनबाद लोकसभा सीट
ढुल्लू महतो-भाजपा
अनुपमा सिंह-कांग्रेस

हजारीबाग लोकसभा सीट
मनीष जयसवाल-भाजपा
जेपी पटेल-कांग्रेस

### इंडी गठबंधन का सफाया: भाजपा

प्रदेश भाजपा के नेता प्रदीप सिन्हा कहते हैं कि राज्य में इस बार मुकाबला 2019 से भी बेहतरीन होगा। इस बार एनडीए पूरी तरह से इंडी गठबंधन का सफाया करेगा। उन्होंने राजमहल और सिंहभूम सीट पर भी भाजपा की जीत का दावा किया है।

### मुगालते में है भाजपा: कांग्रेस

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सभी सीटें जीतने की मुगालते में है। भाजपा को 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बतानी होंगी। इसके साथ बेरोजगारी, महंगाई, इलेक्टोरल बांड्स मामले पर जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

## पहले चरण के चुनाव में स्क्रूटनी के बाद 47 उम्मीदवार मैदान में बचे, 18 अयोग्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकतंत्र का महाकुंभ शुरू हो गया है। झारखंड में चौथे चरण में मतदान होना है। प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये पर्चों की भी जांच कर ली गयी है। ऐसे में स्क्रूटनी के बाद कुल 47 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। बता दें कि कुल 65 उम्मीदवारों ने झारखंड के पहले चरण के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 18 अयोग्य साबित हुए। हालांकि, 29 तारीख तक नाम वापस लेने की तिथि है। 29 तारीख के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो जायेगी कि कितने प्रत्याशी मैदान में हैं। गौरतलब है कि झारखंड में पहले चरण में कुल 4 सीटों पर मतदान होना है।

### कुल 47 उम्मीदवार मैदान में

सीटों के हिसाब से बात करें तो सिंहभूम से कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 7 अयोग्य पाये गये। ऐसे में अब 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। पलामू से 11 लोगों ने पर्चा भरा था। यहां कोई भी अयोग्य पाया नहीं गया है। वहीं खूंटी से 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 9 का नाम रद्द कर दिया गया। अब 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोहरदगा से 17 लोगों ने पर्चा दाखिल किया था। 2 अयोग्य पाये गये। अब 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। ऐसे में 65 में से केवल 47 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।

## आजसू का मिलन समारोह आज चंद्रपुरा में, सुदेश होंगे शामिल



**रांची।** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो बाजार टांड में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## कांग्रेस ही आदिवासी सम्मान और विकास की बात करती है: बंधु तिर्की

**सुखदेव भगत के पक्ष में मांडर में चुनावी सभा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मांडर।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेसी ही आदिवासी पहचान, सम्मान और सही अर्थों में विकास को बरकरार रख सकती है। आज देश में आदिवासी अस्मिता के साथ ही आदिवासी पहचान की स्थिति कायम रखने की पृष्ठभूमि में कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण हाथ है, जिसने न केवल वन संरक्षण अधिनियम, वन अधिकार कानून जैसे अनेक संवैधानिक प्रावधान किये, बल्कि जमीनी स्तर पर जितनी भी विकास योजनाएं संचालित हैं, उसमें से अधिकांश कांग्रेस की ही देन है।

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर विधानसभा क्षेत्र के मांडर प्रखंड के बूढ़ाखुखरा मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही सरकार केवल आपसी भेदभाव, महंगाई, बेरोजगारी आदि को बढ़ावा देकर देश में एक वैसा वातावरण कायम करना चाहती है, जिसका फायदा केवल और केवल प्रधानमंत्री के कुछेक उद्योगपति मित्रों को हो। श्री तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने देश भर में जिस वातावरण को कायम कर दिया है, उसका खामियाजा देश के आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों आदि के साथ ही सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासियों के स्वभाव में सच के लिए लड़ना है और उनके लिए यह चुनौती के साथ जीने-मरने का प्रश्न भी है।

श्री भगत ने कहा कि मांडर के साथ ही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सभी लोग सच्चे मन से लड़ने को तैयार हैं। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव न केवल झारखंड बल्कि देश के ख्याल से भी बहुत चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैसी धर्मनिरपेक्ष सरकार की जरूरत है, जो सभी को समान नजरिये से देखे।

### इनकी रही मौजूदगी

शहजादा अनवर, संजय तिग्गा, तबारक खान, आबिद अंसारी, सरिता तिग्गा, पेतरूस खलखो, जुएल तिग्गा, बेलस तिर्की, शिवकुमार भगत, एम तौसीफ, तौसीफ आलम, जमील मलिक, निसार अहमद सहित अन्य ने संबोधित किया।

## राधाकृष्ण किशोर ने के रवि कुमार को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर ज्ञापन दिया। इसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित जंगलों, पहाड़ों के मतदाताओं का शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए चुनाव आयोग द्वारा स्वीप जैसे कई प्रशंसनीय कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, परंतु पलामू संसदीय क्षेत्र के घोर उग्रवाद प्रभावित गांव के मतदाताओं को वर्तमान लोकसभा चुनाव की विस्तृत जानकारी नहीं हो पाना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यजनक है।

## मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन: सचिवालय सेवा संघ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ कार्यकारिणी की बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में नेपाल हाउस स्थित सभागार में हुई। बैठक में झारखंड सचिवालय सेवा संघ की लंबित मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवैये के विरुद्ध रोष प्रकट किया गया। इसके लिए सरकार में बैठे कुछ नकारात्मक मानसिकता के अधिकारी को जिम्मेवार ठहराया गया। आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। विभागीय प्रतिनिधियों के साथ अगले सप्ताह निर्धारित बैठक में इस पर मुहर लगाये जाने का निर्णय लिया गया। इस बीच संघ कार्यकारिणी के पदाधिकारी विभिन्न विभागों में घूम कर जनसंपर्क अभियान चलायेंगे। विभागों से प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। बैठक में महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा के साथ इरशाद आलम, बिनय बर्णवाल, हेम नारायण सिंह, मनोज कुमार, देबाशीष, राजा हांसदा, रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## सीआइडी ने दो साइबर अपराधियों को दबोचा

**गूगल पर कस्टमर केयर का फर्जी नंबर डाल ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा**

**महिला से ठगी करने वाला गिरोह के दो साइबर अपराधी गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गूगल पर अगर आप किसी प्रॉडक्ट से जुड़ी शिकायत और रिफंड के लिए उस कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर रहे हैं, तो सावधान हो जाइये नहीं तो आप भी साइबर ठगों के अगले शिकार हो सकते हैं।

सीआइडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगों के एक ऐसे ही गैंग का खुलासा किया है, जो गूगल एड की सहायता से गूगल पर विभिन्न कंपनियों के कस्टमर केयर का फर्जी नंबर डाल कर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इस मामले में पुलिस ने छापेमारी कर देवघर दो साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

जिनकी पहचान देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र स्थित बगडबरा निवासी जमालुद्दीन अंसारी (उम्र 32) पिता-कुटू मियां और दुमका के मसलिया थाना श्रेत्र स्थित दुबराजपुर निवासी साजिद अंसारी (उम्र 36) पिता-निजाम के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन, 3 पासबुक, 6 सिम कार्ड, 1 चेकबुक, 1 एटीएम, 1 पैनकार्ड भी बरामद किया है। आरोपी एक गिरोह बनाकर इस घटना को अंजाम दे रहा था। गिरोह में आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल हैं। आरोपी साजिद एड बनाने का काम करता था। वहीं, जलालुद्दीन लोगों को झांसा में लेकर ऐप इंस्टॉल करवाकर ठगी करता था।

## दुमका में शख्स के सिर में गोली मारकर हत्या, आंगन में सो रहे थे

दुमका (आजाद सिपाही)। दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। मृतक की पहचान नीलकंठ यादव (55) के रूप में हुई है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। घटना देर रात 2 बजे की है। बताया जा रहा है कि नीलकंठ यादव रात में घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनको गोली मार दी।अपराधियों ने नीलकंठ यादव के सिर में गोली मारी है। पुलिस को घटना की जानकारी सुबह में दी गयी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी निरंजन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया।

## गोड्डा में थानेदार ने चार साल की बच्ची को आग की लपटों से निकाला, बचायी जान

रांची (आजाद सिपाही)। गोड्डा में तैनात एक थानेदार ने जान पर खेल कर चार साल की बच्ची की जान बचा ली। बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ही सोनागुझी गांव में चांदनी देवी, पति-स्व गोपाल मिश्रा के घर में आग लग गयी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अग्निशमन विभाग को सूचित करते हुए सोनागुझी पहुंचे तथा ग्रामीणों के सहयोग से आग में झुलसी चांदनी देवी एवं उनकी भांजी को एंबुलेंस से महागामा सदर अस्पताल भेजा। जल रहे घर में बच्ची एक जलती हुई चौकी के नीचे बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। थाना प्रभारी घर के अंदर जा कर उस बच्ची को घर से बाहर निकाल कर अपने वाहन से महागामा अस्पताल भेजा।

## खेल-खिलाड़ी : जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता

# दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल में झारखंड की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल पंजाब में आयोजित 13वीं सब जूनियर और 14वीं जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसका समापन 28 अप्रैल को होगा। इसमें झारखंड राज्य बालक-बालिका चॉकबॉल जूनियर टीम भी भाग ले रही है। दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल में झारखंड की टीम ने जगह बना ली है। इससे पहले लीग मैच में बालक वर्ग ने आंध्र प्रदेश को 19-05 से, गुजरात को 16-13 से पराजित किया। पंजाब से कड़े मुकाबले में 14-13 पराजित होकर रनर रही और क्वार्टर फाइनल में इंट्री मिली। इसी तरह बालिका वर्ग में महाराष्ट्र को 12-08 से, राजस्थान को 14-06 से पराजित कर झारखंड टीम विजेता रही और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में बालक वर्ग का मुकाबला महाराष्ट्र के साथ होगा। बालिका वर्ग में मुकाबला हरियाणा के साथ होगा।

## संत जेवियर कॉलेज में जेंडर सेंसिटाइजेशन पर कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्थानीय संत जेवियर कॉलेज के फादर प्रूस्ट हॉल में शनिवार को आइक्यूएसी, आइसीसीएसएच और वीमेंस सेल द्वारा जेंडर सेंसिटाइजेशन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, आइसीसीएसएच की पीठासीन अधिकारी डॉ भारती सिंह रायपत और नोडल जेंडर चैंपियन डॉ मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यशाला के आयोजन में डॉ सुप्रिया गुप्ता, डॉ सौम्या मानिनि सिन्हा, प्रो मेबल टोप्पो, प्रो सीएमए एकता आर्या और डॉ अनन्या बोस की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला की प्रशिक्षक वंदना टेटे (प्यारा केर-केट्टा फाउंडेशन की संस्थापिका) और रेशमा सिंह (ध्वनि फाउंडेशन की राज्य प्रशिक्षिका) थीं। कॉलेज के सभी विभागों से विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य लैंगिक समानता से जुड़ी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा लैंगिक संवेदनशीलता लाना। कॉलेज के कुछ विद्यार्थियों को जेंडर चैंपियन बनाया गया है और उन्हें लैंगिक समस्याओं के विषय में जागरूकता फैलाने की ज़िम्मेदारी दी गयी है। इस अवसर पर विद्यार्थी जेंडर चैंपियनों को और प्राध्यापक जेंडर चैंपियनों को बैज दिये गये। कार्यशाला का संचालन डॉ सौम्या मानिनि सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो सीएमए एकता आर्या ने किया। डॉ अनुपमा भार्गव, आइसीसीएसएच की सदस्य ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, उप प्रधानाचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ संजय सिन्हा, डॉ सुप्रिया गुप्ता, प्रो मेबल टोप्पो, डॉ अनन्या बोस, प्रो निधि आर्या, प्रो जैनेट एक्का और कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.6 °c | 26.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |

## महत्वपूर्ण खबरें

### खरकई डैम बचाओ संघर्ष समिति का गठन, संतोष कुमार सोनी अध्यक्ष चुने गये



रांची (आजाद सिपाही)। मोटिया-मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने शनिवार को अशोक नगर में बैठक की। इसमें खरकई डैम बचाओ समिति का गठन किया गया। इसमें संतोष सोनी को अध्यक्ष बनाया गया। सोनी ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से डैम बचाओ आंदोलन की शुरुआत की है। यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। सरायकेला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। दूसरे चरण में राजभवन के सामने प्रदर्शन होगा।

### असली चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत




रांची (आजाद सिपाही)। आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में प्रेस क्लब में असली चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। आदित्य विक्रम ने कहा कि सत्ता में आये, तो ये सारे वादे धरातल पर उतारे जायेंगे। मौके पर मिनाक्षी सिंह, डॉ रीमा खलखो, रवि खलखो, अभ्युदय एनजीओ के फाउंडर हरनयन नदीम, भानु प्रताप सिंह, अनुष्का चौधरी, विद्याकर कुंवर, जैनेट एंड्रयू, एलन एंड्रयू, प्रखर मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि एक विजन फॉर झारखंड, एक विजन फॉर देश, एक युवा क्या सोचते हैं और युवा सब जानते भी हैं, उसी हिसाब से वोट भी करेंगे।

### विवेकानंद स्कूल मयूरहंड में लाइट-पंखे लगे



रांची (आजाद सिपाही)। चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के नरचाही गांव के रहनेवाले शशांक कुमार सिंह ने सामाजिक दायित्व को निर्वहन करते हुए स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय में पंखा-लाइट की व्यवस्था करायी। सामाजिक संस्था नयी रोशनी के माध्यम से पूरे स्कूल कैंपस की वायरिंग की गयी। शशांक कुमार सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, उनकी कंपनी जेएंडएफ ग्लोबल इंजीनियरिंग के माध्यम से सामाजिक काम पूरा किया गया है। इसका उद्घाटन शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी राहुल सिंह ने किया। इस मौके पर नयी रोशनी संस्था के सचिव सुनील कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक रामचंद्र प्रसाद सिंह, आदित्य प्रसाद सिंह, मौलेश्वर सिंह, समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह, अनिल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे। यह कंपनी बड़े-बड़े ब्रिज और मॉल के लिए डिजाइन और टेक्निकल सपोर्ट देती है। इस कंपनी का कार्यालय नोएडा और चेन्नई में है। यह जर्मन कंपनी के साथ मिलकर भी काम कर रही है।

### समाजसेवी दीपक लाल ने की दिउड़ी मंदिर में पूजा, कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत की कामना की



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी सह रांची विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता दीपक लाल ने शनिवार को दिउड़ी मंदिर में पूजा की। माता दिउड़ी से उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत की मन्नत मांगी। इस अवसर पर उनके साथ सौरभ वर्मा, पीयूष ठाकुर, दिवाकर साहू, अंकित लाल साथ थे।

### प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




रांची (आजाद सिपाही)। नागरमल मोदी सेवा सदन परिवार की ओर से 7 अप्रैल को आयोजित प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागी को पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में चित्र-पेंटिंग के लिए प्रथम पुरस्कार कुमारी क्षितिज, द्वितीय पुरस्कार श्वेता जयसवाल, तृतीय पुरस्कार हार्ट सेंटर की रंजीता खेस को मिला। लेख-कविता में हार्ट सेंटर की कृति कंडुलना, द्वितीय पुरस्कार बसंती मेहता और तृतीय पुरस्कार हार्ट सेंटर की प्रीति मिंज को मिला। पुरस्कार वितरण के मौके पर अध्यक्ष अरूण छावछरिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, आलोक तुलस्यान, वरूण जालान समेत अन्य मौजूद थे।

### संत जेवियर्स के पूर्व छात्रों ने किया रक्तदान



रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों का संघठन ओल्ड जेवेरियंस ने शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सचिव जयेश सिन्हा ने बताया कि शिविर में पचास यूनिट रक्त जमा किया गया। रक्तदान शिविर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए किया गया था, जिनका इलाज सदर अस्पताल में हो रहा है। लाइफ सेवर्स रांची की पूरी टीम ने डॉक्स का साथ दिया और रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहभागी रहे। मौके पर जसमीत सिंह कलसी, नीतेश प्रिया, आशीष बुधिया, उत्सव पाराशर, जयेश सिन्हा, राहुल भाटिया, आलोक मिनोचा, सुयश खेमका, रोहन भाटिया, अतुल गेरा, डॉ रितेश रंजन समेत अन्य मौजूद थे।


शहर की खबरें पेज 9 पर भी


## शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन को श्रद्धा अर्पित करते बसंत सोरेन और रूपी सोरेन





### खेलगांव में झामुमो के हेलिकॉप्टर पार्किंग बनाने पर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

# मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने दिया जांच का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल झामुमो द्वारा खेलगांव में हेलिकॉप्टर पार्किंग बनाने पर विरोध करते हुए चुनाव आयोग पहुंचा और मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे।



सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि झामुमो द्वारा जो खेलगांव को हेलिकॉप्टर पार्किंग बनायी गयी है वह किसके आदेश पर बनी है, अभी तक कितनी बार हेलिकॉप्टर उड़ा और क्या-क्या हेलिकॉप्टर से गया। हेलिकॉप्टर से भारी मात्रा में चुनाव में पैसा का भी आवागमन की संभावना है। झामुमो कितना पैसा पार्किंग का दे रहा है, किसको दे रहा है। ये सब जांच का विषय है। खेलगाव में हेलिकॉप्टर पार्किंग रखने से झामुमो नेता बिना जांच चेक के सीधा उड़ान भर रहे हैं। वहां कोई सीआइएसएफ की प्रतिनियुक्ति नहीं है, जो जाने वाले व्यक्ति की जांच करे। पूरे प्रकरण में कौन-कौन पदाधिकारी शामिल हैं ये भी पता लगाना आवश्यक है। फिलहाल मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने मामले पर जांच का आदेश दे दिया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे। |
| वृष | विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामले सुलझेंगे, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा। |
| मिथुन | अनेक रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। |
| कर्क | शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। |
| सिंह | आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ, घर में खुशी का वातावरण। |
| कन्या | अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी.अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। |
| तुला | नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। |
| वृश्चिक | रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| धनु | सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी। |
| मकर | मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी, कोई नयी कार्य की योजना सफल होगी। |
| कुंभ | आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं। |
| मीन | आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं। |

## मोदी ने अपने कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाया: संजय सेठ

**संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शनिवार को सिल्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नावाडीह, घाघरा पराहातु मे जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा कि हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस कार्यक्रम में धीरज महतो, दिलेश्वर कोयरी, परीक्षित मंडल, सृष्टिधर महतो, बिंदेश्वरी देवी, हरेंद्र प्रमाणिक, भागीरथ महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, वरुण कुमार हाजरा, मानिकचंद महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## श्री श्याम मंदिर में 109वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 109 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में और लक्ष्मण प्रसाद टिकमानी पुष्पा देवी टिकमानी और परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्राम जी गरुड़ जी और गुरूजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमान अग्रवाल परिवार ने खाटू नरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था।

## जेनेटिक हॉस्पिटल : जहां है सेवा ही धर्म का भाव





आर्यन वर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में एक ऐसा भी अस्पताल है जो बेहद कम खर्च में बेहतर ईलाज करता है। जेनेटिक हॉस्पिटल पिछले 3 साल से सेवा ही धर्म के भाव का उदेश्य को लेकर कम खर्च में इलाज कर रहा है। अभी तक 22 बड़े सफल ऑपेरशन कर लोगों की जान बचायी है। ऐसे बहुत लोग इस अस्पताल में आते है जो रोड एक्सीडेंट में पूरी तरह से घायल होते हैं और बचने की कोई उम्मीद भी नहीं है, पैसे के आभाव के कारण उनके घर वाले भी उम्मीद छोड़ कर चल जाते हैं लेकिन यह हॉस्पिटल मैनेजमेंट पर पूरा ध्यान रख कर बेहतर और सटीक ईलाज करता है।

**चुनौतियां लेना है मुख्य उद्देश्य :** डॉ अशोक मुंडा का कहना है कि एक डॉक्टर कभी उम्मीद नहीं हारता है। एक मरीज के ब्रेन में 4 ट्यूमर था और बहुत सारे नामी अस्पताल ने उसके बचाने की सारी उम्मीद छोड़ दी थी। उसे इस अस्पताल में लाकर मस्तिष्क सर्जरी कर मरीज की जान बचायी। डेस्क ऑफ मैनेजमेंट हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य सेवा ही धर्म का भाव है। पैसे के आभाव के कारण्स कोई जान न जाये (मनोज अग्रवाल डायरेक्टर जेनेटिक हॉस्पिटल), मैं अपनी तरफ से चुनौती लेकर सफल और सटीक ईलाज का प्रयास करता हूं। (डॉ अशोक मुंडा न्यूरो सर्जन जेनेटिक हॉस्पिटल)।

### भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की पहल

## हृदय रोग का सफल ऑपरेशन कर युवक की बचायी जान




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची में एक 27 वर्षीय युवक का जटील हृदय ऑपरेशन कर उसकी जान बचायी गयी। युवक की आयोटा (महाधमनी), जिसकी सामान्य लंबाई मात्र 2 सेमी होती है, वह बढ़कर 10 सेमी हो गयी थी, जिससे उसके किसी भी समय फटने का खतरा था। मेडिका हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित हृदय रोग सर्जन डॉ. सुनील कुमार ने न सिर्फ इस गंभीर स्थिति का निदान किया बल्कि अत्यधिक जटील मानी जाने वाली बेंटल प्रक्रिया द्वारा आयोटा महाधमनी वॉल्व को वाल्वयुक्त ग्राफ्ट से बदलने का निर्णय लिया।

मेडिका के एवीपी अनिल कुमार ने बताया कि मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेडिका हॉस्पिटल ने न केवल इलाज की जिम्मेदारी ली बल्कि उसे बिना किसी आर्थिक बोझ के सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

यह ऑपरेशन झारखंड में इस प्रकार का पहला सफल हृदय सर्जरी है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया है। यह जानकारी ब्रांड और मीडिया हेड भारती ओझा ने दी।

## मातृभाषा को सर्वोच्च प्राथमिकता ही नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य: कुलपति



**डीएसपीएमयू रांची में सेमिनार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा की भूमिका विषय पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता शिक्षा मंत्रालय के सहायक निदेशक दीपक कुमार रहे। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार की यह अति महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नयी शिक्षा नीति पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव करती है। 21 इस शिक्षा नीति में मातृभाषा की अनिवार्यता इसे और अधिक प्रासंगिक और उद्देश्यपूर्ण बनाती है। कहा कि नयी शिक्षा नीति हमारे विश्व प्रसिद्ध समृद्ध भारतीय विरासतों को न केवल पोषित और संरक्षित करने की बात करती है, बल्कि इस ज्ञान को हमारी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से शोध, संवर्धन और नये उपयोगों के लिए भी प्रयोग में लाये जाने की वकालत करती है। मौके पर प्रो बिनोद कुमार, जयकिशोर मंगल, पीपी महतो, जेपी शर्मा, शुचि संतोष बरवार, पीयूष बाला, जिंदर सिंह मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

### 'आपराधिक कानून, भारत में फोरेंसिक विज्ञान और सुरक्षा प्रबंधन के कानूनी पहलू में उन्नति' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# पहली बार रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय बना राष्ट्रीय संगोष्ठी का मेजबान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के सात साल बाद पहली बार राष्ट्रीय संगोष्ठी की मेजबानी की। 'आपराधिक कानून, भारत में फोरेंसिक विज्ञान और सुरक्षा प्रबंधन के कानूनी पहलू में उन्नति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक थे। सम्मानित अतिथि के रूप में कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा और उच्च न्यायालय के आपराधिक न्याय के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र एस सिंह थे। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के अपराध विज्ञान, फोरेंसिक विज्ञान और सुरक्षा प्रबंधन विभाग ने मिल कर किया। उद्घाटन सत्र में सभी ने महत्वपूर्ण बातें कहीं। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ राजेश द्वारा लिखित पुस्तक 'फोरेंसिक साइंस- ए टेक्स्ट बुक' का विमोचन भी किया गया। बाद में 2020-2022 बैच के टॉपर शानू कुमार को फोरेंसिक साइंस में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कुमार आदर्श ने अपनी पुस्तक 'द सॉइल' प्रस्तुत की और डॉ (लेफ्टिनेंट कर्नल) विवेक ने भी अपनी लिखित पुस्तक 'टूथलॉक होम्स' इस सेमिनार में प्रस्तुत की। हाइब्रिड मोड सेमिनार में तकनीकी सत्र एक और दो में ऑनलाइन/ऑफलाइन संकाय और पेपर प्रस्तुत किये गये। संगोष्ठी के आयोजन में शिक्षण और शिक्षकेतर कर्मियों ने सहयोग दिया। इनमें विशेष रूप से डॉ शशि, डॉ कृति निगम, डॉ प्रिया टोपनो, डॉ नागेश और विकास अग्रवाल प्रमुख थे। कर्नल राजेश ने स्वागत भाषण दिया और इस सेमिनार की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया। प्रभारी कुलपति राहुल पुरवार ने लगातार ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। इस विश्वविद्यालय के छात्रों की इस आयोजन के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और वे इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों से खुश हैं। इसके बाद रजिस्ट्रार नियमित अंतराल पर ऐसे आयोजनों की योजना बना रहे हैं।



# स्त्री धन पर सुप्रीम कोर्ट का दो टूक

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला देते हुए कहा है कि स्त्री धन पूरी तरह महिला की संपत्ति होती है, जिस पर पति का कोई हक नहीं होता। हालांकि हिंदू लॉ की यह पोजिशन पहले से स्पष्ट है और इस लिहाज से फैसले को नया नहीं बताया जा सकता, फिर भी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आज की तारीख में न केवल कानूनी हलकों में बल्कि सामाजिक संदर्भों में भी काफी अहमियत रखता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह बात और स्पष्ट हो गयी है कि स्त्री धन को पति-पत्नी की संयुक्त संपत्ति के रूप में नहीं देखा जा सकता। स्त्री धन का मतलब उस धन, संपत्ति, गहने-जेवर या रकम से है, जो शादी के समय लड़की को या लड़के और लड़की को दिया जाता है। आम तौर पर परिवार इसे अपनी संपत्ति के रूप में देखता है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि अगर किसी संकट के दौरान पति इस धन का इस्तेमाल करता है, तो यह उसका नैतिक दायित्व है कि वह धन या उसके बराबर रकम पत्नी को वापस करे। यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब कई अन्य फैसलों की बदौलत और महिलाओं की बढ़ती जागरूकता के कारण भी, समाज में स्त्री-पुरुष संबंधों का सदियों से चला आ रहा समीकरण बदल रहा है। महिलाएं घर से निकल कर हर क्षेत्र में अपना दखल बढ़ा रही हैं। परिवार के अंदर भी पैतृक संपत्ति में अपना जायज हिस्सा मांग रही हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में फैसले लेने की प्रक्रिया में सक्रिय हिस्सेदारी कर रही हैं। इन सबका एक साइड इफेक्ट यह है कि पुरुषों के एक हिस्से में महिलाओं के अधिकारों को लेकर बेचैनी का अहसास बढ़ा है। कहीं यह उनमें बढ़ते असुरक्षा बोध के रूप में सामने आता है तो कहीं महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने की प्रवृत्ति के रूप में। ऐसे में यह और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है कि समाज का बड़ा हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को किस रूप में देखता है। चूंकि स्त्री धन और उस पर मालिकाना पारंपरिक तौर पर ही स्त्रियों का माना जाता रहा है, इसलिए समाज में प्रचलित पारंपरिक सोच का एक रिएक्शन यह भी हो सकता है कि इस फैसले का स्वागत करते हुए लड़कियों के अधिकारों को वहीं तक सीमित करने की कोशिश की जाने लगे। कानूनी तौर पर तो लड़कियों के सारे अधिकार सुरक्षित हैं। अदालतें इस मामले में सतर्क भी हैं। लेकिन समाज में इस फैसले की आड़ में प्रतिक्रियावादी और प्रतिगामी सोच हावी न हो, इसे लेकर सावधानी बरतने की खास जरूरत है।

**आम तौर पर परिवार इसे अपनी संपत्ति के रूप में देखता है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि अगर किसी संकट के दौरान पति इस धन का इस्तेमाल करता है, तो यह उसका नैतिक दायित्व है कि वह धन या उसके बराबर रकम पत्नी को वापस करे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विशेषज्ञों के अनुसार बर्ड फ्लू इंसानों में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसमें रोगी को गंभीर शरीर दर्द, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सर्दी लगने जैसी शिकायतें होती हैं। यह रोग मुर्गी, बत्तख, बटेर, हंस, टर्की (मुरगाबी) जैसे पक्षियों को अपनी चपेट में ले सकता है। एच. 5 एन. 1 वायरस पोल्ट्री व्यवसाय के लिए घातक है। भारत में बर्ड फ्लू ने एक बार फिर दस्तक दे दी है तथा झारखंड और केरल में इसके मामले सामने आये हैं।**

# भारत-अमेरिका में बर्ड फ्लू और जॉम्बी डीयर रोगों की दस्तक

विजय कुमार



पशु-पक्षियों से इंसानों को होने वाले संक्रामक रोगों में बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू, इबोला, सार्स आदि मुख्य हैं। विशेषज्ञों के अनुसार बर्ड फ्लू इंसानों में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसमें रोगी को गंभीर शरीर दर्द, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सर्दी लगने जैसी शिकायतें होती हैं। यह रोग मुर्गी, बत्तख, बटेर, हंस, टर्की (मुरगाबी) जैसे पक्षियों को अपनी चपेट में ले सकता है। एच. 5 एन. 1 वायरस पोल्ट्री व्यवसाय के लिए घातक है। भारत में बर्ड फ्लू ने एक बार फिर दस्तक दे दी है तथा झारखंड और केरल में इसके मामले सामने आये हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने बर्ड फ्लू फैलने के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को बचावात्मक कार्रवाई करने तथा बर्ड फ्लू से प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 21,000 बत्तखों एवं प्रभावित क्षेत्रों के एक किलोमीटर के दायरे में सभी पालतू पक्षियों को मारने का आदेश दे दिया है।

इससे पहले पिछले महीने अमरीका के 7 राज्यों में जंगली पक्षियों में बर्ड फ्लू वायरस पाया गया, जिनमें से अधिकांश टैक्सास में पाये गये। इसके दृष्टिगत स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को वन्यजीवों से दूर रहने की सलाह दी है। मैनहट्टन में जंगली पक्षियों व लाल पूंछ वाले बाज के अलावा यह बीमारी घरेलू मुर्गे-मुर्गियों में भी पायी गयी है। जैसे कि इतना ही काफी नहीं था, अमेरिका के कई राज्यों में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे के साथ-साथ गायों के भी बर्ड फ्लू की शिकार होने का पता चला है। टैक्सास में गायों के रहस्यमय बीमारी से पीड़ित होने की रिपोर्ट के बाद वैज्ञानिकों ने गायों में एच. 5 एन. 1 वायरस की पुष्टि भी की है। इससे गायें सुस्त हो गयीं हैं तथा उनके दूध की मात्रा में भी कमी आई है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने पाश्चराइज्ड दूध में बर्ड फ्लू के वायरस के अवशेष पाये जाने की भी पुष्टि की है।

**तेजी से फैल रही इस बीमारी से संक्रमित हिरण का मांस खाने वाले 2 अमेरिकी शिकारियों की मौत भी हो चुकी है।**

इसके साथ ही, अमेरिका में हिरणों पर क्रोनिक वेस्टिंग डिजीज नामक एक भयानक बीमारी, जिसे जॉम्बी डीयर डिजीज भी कहते हैं, कहर ढाने लगी है। तेजी से फैल रही इस बीमारी से संक्रमित हिरण का मांस खाने वाले 2 अमेरिकी शिकारियों की मौत भी हो चुकी है। इस बीमारी के कारण हिरण भ्रमित हो जाते हैं तथा मुंह से लार टपकाने लगते हैं। वैसे तो हिरण एक डरपोक जानवर है, परंतु इस रोग का शिकार हो जाने पर उनमें इंसानों का डर खत्म हो जाता है। ऐसे हिरण का मांस खाने के बाद इन शिकारियों में अचानक भ्रम और आक्रामकता के लक्षण दिखायी देने लगे। पिछले कुछ समय के दौरान उत्तरी कैरोलिना में भी इस रोग के 24 मामले सामने आए हैं।

न्यूरोलॉजी जर्नल के अनुसार यह बीमारी लगभग 100 प्रतिशत घातक है, जिससे इसके मनुष्यों में फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

इस रोग के लिए प्रायंस नामक एक विशेष प्रकार का प्रोटीन जिम्मेदार बताया जाता है। ये असल में गलत तरीके से फोल्ड (मुड़े) हुए प्रोटीन होते हैं, जो दिमाग में मौजूद सामान्य प्रोटीन को भी गलत तरीके से फोल्ड होने (मुड़ने) के लिए मजबूर कर देते हैं और व्यक्ति इस रोग का शिकार हो जाता है। इन रोगों से बचाव के लिए निवारक उपाय करने, सावधानियां बरतने तथा स्वयं को वन्यजीवों के साथ अपने संपर्क को सीमित करने की जरूरत है। लोगों को पक्षियों की बीठ के संपर्क में आने के बाद हाथ अच्छी तरह धोने चाहिएं।

डाक्टरों का यह भी कहना है कि जानवरों तथा पक्षियों का मांस खाने से इंसानों में संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है तथा संक्रमित चिकन खाने से बर्ड फ्लू हो सकता है। अतः लोगों के लिए मांस न खाना ही बेहतर है।


वैसे भी मांसाहार को इंसानों के लिए सही भोजन नहीं माना जाता तथा तामसिक भोजन माना जाता है। इसीलिए हिंदू धर्म में मांसाहार की मनाही की गयी है तथा राजर्षि मनु ने मनुस्मृति में कहा है कि, मांसाहार करने वाला मनुष्य राक्षस या पिशाच कोटि का मनुष्य कहलाता है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने जीव हत्या और मांसाहार दोनों के त्याग का संदेश देते हुए अङ्ख्षहसा को सबसे बड़ा धर्म (अहिंसा परमोधर्मः) कहा है। इंसान की भांति पशु-पक्षियों को भी जीने का अधिकार है। अतः इस जगत के सभी जीवों के प्रति मैत्री भाव रखें।

**डाक्टरों का यह भी कहना है कि जानवरों तथा पक्षियों का मांस खाने से इंसानों में संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है तथा संक्रमित चिकन खाने से बर्ड फ्लू हो सकता है। अतः लोगों के लिए मांस न खाना ही बेहतर है। वैसे भी मांसाहार को इंसानों के लिए सही भोजन नहीं माना जाता तथा तामसिक भोजन माना जाता है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# ससुराल वालों ने गर्भवती महिला को घर से निकाला, स्टेशन पर बच्चे का हुआ जन्म

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के मनोहरपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक बच्ची को जन्म देने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि महिला के पति की चार माह पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी, जिसके बाद महिला को उसकी ससुराल और मायके वालों ने घर से निकाल दिया। महिला की पहचान सावित्री बानरा (22) के रूम में हुई है, जो सोनुआ प्रखंड के नयागांव की रहने वाली थी। सावित्री ने बगैर किसी की मदद से मनोहरपुर स्टेशन के पास एक बच्ची को जन्म दिया है। महिला ने खुद नाल भी काटा है।

**दोनों खतरे से बाहर**

बताया जा रहा है कि महिला का पति आजाद समद ओड़िशा के कटक के रहने वाले थे। चार माह पहले उनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। पति की मौत के बाद सास-ससुर ने अपनी बहू को घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपने मायके आ गयी। मां-बाप ने भी उससे नाता तोड़ लिया। वह तीन दिनों से मनोहरपुर स्टेशन के पास रह रही थी। यहां उसने बिना किसी के सहयोग से बच्ची को जन्म दिया। फिलहाल लोगों की मदद से महिला को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों खतरे से बाहर हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि दोनों को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

# जिला खनन पदाधिकारी ने अवैध बालू भंडारण पर की छापेमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुलडीह।** सरायकेला खरसावां जिले के तिरुलडीह थाना क्षेत्र में बालू की अवैध भंडारण पर डीएमओ ज्योति शंकर सतपथी ने कारवाई शुरू कर दी। शनिवार उन्होंने अहले सुबह तिरुलडीह थाना क्षेत्र में दबिश देते हुए बालू के अवैध भंडारण पर छापेमारी की। जहां लगभग 20 लाख सीएफटी अवैध बालू के साथ तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि जिला खनन पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिलने के बाद उन्होंने विशेष दस्ते के साथ तिरुलडीह क्षेत्र में कार्रवाई की। जहां विभाग को यह सफलता मिली है। उधर कारवाई के बाद सक्रिय बालू माफियाओं में हड़कंप मचा गया। फिलहाल आगे की कार्रवाई जारी है।

# टाटा कॉमिन्स के नवनिर्मित हाइड्रोजन प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा कॉमिन्स कंपनी के नवनिर्मित हाइड्रोजन प्लांट में झारखंड सरकार के 75% गाईडलाइन का अनुपालन नहीं होने का मामला प्रकास में आया है। सूचना मिलने पर झारखंड मजदूर यूनियन ने विरोध दर्ज कराया। शनिवार को यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल एसडीओ के नाम एक मांग पत्र सौपा। मौके पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत ने कहा टाटा कॉमिन्स कंपनी के हाइड्रोजन प्लांट में स्थानीय को रोजगार नही मिल रहा है। उन्होंने कहा कंपनी प्रबंधन सरकार के नियमो का अनदेखी कर बाहरी लोगो को पिछले दरवाजे से बहाली कर रही है। इस संबंध में झारखंड मजदूर यूनियन टाटा कॉमिन्स प्रबंधन से लिखित शिकायत की है। इसके बावजूद प्रबंधन सरकार के गाईडलाइन का अनदेखी कर रही है। अनुमति मिलने पर 8 मई को स्थानीय लोगो के साथ टाटा कॉमिन्स गेट पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत के साथ मुखिया शिवलाल लोहरा, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष निजी मेडिकल सचिव राजकुमार महतो, जेबीकेएसएस के राजा कालिंदी, जिला उपाध्यक्ष पिंकी सिंह, छोटे सरदार मौजूद रहे।

# कार से 4.33 लाख रुपये बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा राधानगर हाइस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया गया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर करीब 1.50 बजे वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक गाड़ी की तलाशी ली गयी। इससे 4 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किये गये। पुलिस बरामद पैसे की जांच कर रही है।

**सीमेंट व्यवसायी के हैं पैसे**

वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 4 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किये। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

# 50 वर्ष से अधिक उम्र के सेवानिवृत्त क्रिकेटरों का प्रीमियर लीग फाइनल आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के कीनन स्टेडियम में वेटरन इंडिया क्रिकेट फाउंडेशन के द्वारा पंजीकृत फर्स्ट ओवर 50 टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। यह ईस्ट जोन क्रिकेट लीजेंड्स द्वारा ईस्टर्न जोन के 50 से अधिक उम्र वाले सेवानिवृत्त क्रिकेटरों के लिए नई पहल है।मौके पर राउंड रॉबिन लीग के दो मैच खेले गए। मैचों के संचालन के लिए जेएससीए के योग्य अंपायरों को नियुक्त किया गया।टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में भास्कर रॉय,अजय,गौतम,सुमंत मेंदीरत्ता,देबाशीष,सौभाग्य व पी साहू ने अपनी टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया। ईस्टर्न लायंस के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले मैच में ईस्टर्न लायंस ने 18.1 ओवर में 118 रन बनाए। ईस्टर्न टाइगर्स की ओर से भास्कर रॉय ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए। प्रशांत, पी साहू, भोला प्रसाद, के चंद्रशेखर और जीएसआर मूर्ति ने 1-1 विकेट लिया। ईस्टर्न टाइगर ने 16 ओवर में 4 विकेट पर 122 रन बनाये। ईस्टर्न लायंस की ओर से के वी श्रीनिवासन और वीरेंद्र ने 1-1 विकेट लिया। ईस्टर्न टाइगर्स ने मैच में 6 विकेट से जीत हासिल की।वही दूसरा मैच ईस्टर्न लेपड्र्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 170 रन बनाए। ईस्टर्न पैंथर्स की ओर से आशीष भट्टाचार्य ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए। महेश झा, कीर्ति रावल, प्रसन्ना झा घनश्याम ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में ईस्टर्न पैंथर्स ने 15.3 ओवर में 99 रन बनाए। ईस्टर्न लेपड्र्स की ओर से कप्तान वासुदेवन ने 16 रन देकर 5 विकेट लिए। अजय गौतम ने 9 रन देकर 2 विकेट लिए और सौभाग्य और अनुज सिंह ने 1-1 विकेट लिया। ईस्टर्न लेपड्र्स ने मैच में 72 रन से जीत हासिल की। मौके पर बिहार के पूर्व रणजी क्रिकेटर उज्जल दास ने खिलाड़ियों से मुलाकात की।वही महेश झा ने उन्हें वीसीआई कैप और टी शर्ट भेंट की। वही कल सुबह 7.30 बजे तीसरे मैच ईस्टर्न लायंस बनाम ईस्टर्न पैंथर्स के बीच होगा।

वही सुबह 11.15 से चौथे मैच ईस्टर्न टाइगर्स बनाम ईस्टर्न लेपड्र्स के बीच होगा। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व बिहार रणजी खिलाड़ी नील कमल व प्रदीप खन्ना रविवार दोपहर 1.30 बजे रांची से फाइनल मैच में शामिल होंगे। फाइनल में जितने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल ऊंचा करेंगे।

# महंगाई की मार से जनता त्रस्त, केंद्र सरकार के प्रति दिखने लगी नाराजगी : समीर मोहंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर स्टेशन रोड स्थित एक होटल में जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के कार्यकताओं व नेताओं का एक बैठक आयोजित की गई। शनिवार को बैठक में झामुमो के लोकसभा प्रत्याशी समीर महंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। बैठक में झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने जोश भरते हुए कई दिशा निर्देश दी। उन्होंने कहा महंगाई की मार से त्रस्त लोगों में केंद्र सरकार के प्रति काफी गुस्सा है।समीर महंती ने सभी कार्यकताओं को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव के दौरान जिम्मेवारी निभाने की बात कही। ताकि लोकसभा चुनाव में झामुमो का जीत सुनिश्चित कर सके। वहीं स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में जनता कड़ी मेहनत कर झामुमो को जिताने का काम किया उसी प्रकार जमशेदपुर लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को जितना है। कारण जमशेदपुर के लोगों ने भी इसबार बदलाव का मूड बना लिया है। मौके पर राजन मिश्रा, मो शमशाद, मो जमील, माणिक मल्लिक, मुकेश शर्मा, शामू मल्लिक, महेंद्र पांडे, रणजीत साव, प्रकाश शर्मा, सकील गद्दी, समशेर आलम, मो वाजिद, रंजन पांडे, संजय सिंह सहित महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राष्ट्रहित में मतदान सभी करें ताकि मत का प्रतिशत बढ़े : नागेंद्र त्रिपाठी

**गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के व्यवसायी और प्रबुद्धजनों के साथ भाजपा नेताओं ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा होटल पद्मावती में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के व्यावसायीगण और प्रबुद्ध जन के साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप द्वारा किया गया। मंच संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित सभी व्यवसायी बुद्धजीवी प्रमुख नागरिकों ने अपनी अपनी बातों को रखाऔर अपनी समस्याओं को सांसद को बताने का कार्य किया। सांसद के द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया आने वाला समय में सभी चीजों का समाधान किया जायेगा। संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी के द्वारा कहा गया कि मताधिकार सभी लोग करें और मत का प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें आप सभी अपने कार्यक्षेत्र में लगे रहते है दिन रात राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए समय निकाले। मतदान केंद्र पर थोड़ी विलंब हो तो भी मत दे कर आयें। अपने सगे संबंधी लोगों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उन्हें समझायें। पूर्व की जो कांग्रेस सरकार है, वह सिर्फ एक प्रोपगेंडा चलाकर संविधान खतरे की बात कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में संविधान सुरक्षित है। उसी संविधान के आधार पर यह लोकतंत्र का इतना बढ़ा पर्व मन रहा है।

प्रत्याशी विष्णुदयाल राम ने कहा कि की 10 वर्षों में हमने अपने क्षेत्रों में अनेंको कार्य किया और आगे भी निरंतर इससे बड़ा कार्य करने का काम करूंगा। पलामू की जन समस्याओं को लोकसभा में उठाने का काम किया। पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने कहा पूर्व कि सरकारों में व्यवसायी सुरक्षित थे। इस सरकार में व्यवसायियों के साथ लूटपाट हत्या उनका दोहन किया जा रहा है। देश का विकास और राष्ट्र का निर्माण नरेंद्र मोदी के ही द्वारा किया जा सकता है। नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करें और विष्णुदयाल राम को विजयी बनाये। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी के द्वारा अनेकों कार्य किये गये। गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए रेलवे के क्षेत्र में रोड के क्षेत्र में फ्लाईओवर के क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य किया गया। मौके पर लोकसभा संयोजक बीपीन बिहारी सिंह विधानसभा प्रभारी दुर्गा जौहरी, रघुराज पांडे, सूरज गुप्ता, मुन्ना चंद्रवंशी, विनय चौबे, विनोद तिवारी, गिरिंदर पांडे, भगत सिंह साहू, मुरली श्याम सोनी, रितेश चौबे, मुना तिवारी, यशवंत मिश्रा, राकेश शंकर गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 4 मई को पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे जनसभा को संबोधित

**वीडी राम ने रमकांडा और रंका प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान**

**लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आगामी 4 मई को पलामू के धरती पर चुनाव प्रचार निमित्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है, जिसमें आपसभी ज्येष्ठ - श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु और जनता- जनार्दन बढ़ चढ़कर भाग ले। उक्त बातें पलामू के निवर्तमान सांसद सह भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने रंका और रामकंडा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों यथा उदयपुर, हरहे, कसमार, चापी, रामकंडा, रक्सी, केरवा, तमगे, रंका आदि में जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगो से कही और आगामी 13 मई को भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़ कर वोट करने की अपील की। वहीं लोगों से मिल रहे अपार जन समर्थन के क्रम में उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता यह सोचकर कि मोदी जीत रहे हैं, घर से एक व्यक्ति ही वोट करेंगे तो भी कोई दिक्कत नहीं है, ऐसी भूल करने से बचें, और 18 वर्ष से ऊपर के सभी परिवार के सदस्य, जो मतदाता हैं उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाकर मतदान दिलायें और कमल के फूल छाप निशान पर बटन दवाकर भाजपा को अपार मतों से विजयी बनावें। उन्होंने लोगों से पिछली बार की अपेक्षा वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी अपील की। श्री राम ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, मोदी को अपार मतों से सत्ता में लाना होगा। जिसमें हम सभी को एक प्रहरी के रूप में काम करना होगा। किसी भी प्रकार के भ्रामक झांसे में ना आयें। कहा कि वे कथनी में नहीं करनी में विश्वास रखते है और उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का विकास है। मौके पर भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, आजसू जिला अध्यक्ष गढ़वा, दीपक शर्मा, विनय चौबे,भोला चंद्रवंशी, राजकुमार मद्धेशिया, भूषण सिंह, कुंवर सिंह खेरवार, विजय यादव, प्रमोद चौबे, राजीव कुमार सिंह, कमल किशोर गुप्ता, राजकुमार, अनिमेष, अर्जुन यादव, राजीव, वीरेंद्र केसरी, सत्येंद्र, अमरनाथ, सुदामा, बंशीधर आदि समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कोल रोड स्थित केतार कांडी मुख्य पथ की विशेष मरम्मत में अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** कोल रोड केतार कांडी मुख्य सड़क पर विशेष मरम्मती कार्य किया जा रहा है। जिसमें आवश्यकता अनुसार सड़क किनारे नाली का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने घोर अनिमियता की शिकायत जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद से किया। जांच करने पहुंचे जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने बताया कि नाली निर्माण कार्य में काफी अनिमियता बरती जा रही है। पहली बार स्थानीय लोगो की शिकायत पर जांच करने पहुंचे तो देखा की ग्राउंड लेवल पर चार इंच पीसीसी करना है। परंतु चार इंच के स्थान पर एक इंच पीसीसी की ढलाई कर उस पर छड़ बिछा दिये गये है। और एक भी दिन पानी से तराई नही किया गया। साथ ही बताया की इसमें प्रयुक्त सीमेंट, बालू और छड़ी भी घटिया प्रयोग किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत जेई निलय सिंह से किया। और सख्त चेतावनी देते हुए हिदायत दिया गया कि हर हाल मे सड़क का विशेष मरम्मती कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसमें अगर सुधार नहीं किया गया तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से किया जायेगा। लेकिन सख्त हिदायत के बाद भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का कोई ध्यान नही रखा गया। और एक ही इंच की ढलाई पर छड़ बिछा दिया गया। इस मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया की शीघ्र उपायुक्त से इसकी शिकायत कर अनिमियता में संलिप्त लोगों पर जांचोपरांत करवाई करवाने की बात कहा।

## इस मामले में क्या कहते हैं पीडब्ल्यूडी जेई निलय सिंह

इस मामले में पीडब्ल्यूडी के के जेई निलय सिंह ने दूरभाष के माध्यम से पूछे जाने पर बताया कि अभी मरम्मती कार्य बंद कर दिया गया है। शुरू होने पर गुणवत्तापूर्ण मरम्मती कार्य का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर अंगद गुप्ता, रामचंद्र वियार, मनीष कमलापुरी, गोलू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है: एमपी केसरी

**बच्चों के बीच फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी पर किया गया सेमिनार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय के सभागार में सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।

अपने संबोधन में निदेशक एम केसरी ने कहा कि भारत लोकतंत्र प्रणाली का जननी है।यह देश विश्व में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है। आज यह सेमिनार आपके लोकतंत्र के ज्ञान के लिए आयोजित किया गया है। आप सभी कल के युवा और जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर हैं। आप सभी को सफल मतदान और मतदाता के कार्य और अधिकार जानने की आवश्यकता है ताकि इसी लोकसभा चुनाव में आप अपने सगे संबंधियों, माता पिता और गाँव मुहल्ले में बस्ती वाले को मतदान में जाने के लिए प्रेरित करें, मतदान का महत्व की जानकारी दें। लोकतंत्र में मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, सामाजिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देता है।उच्च मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता और विश्वसनीयता को मजबूत करता है। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक नागरिक कर्तव्य भी है और इसका प्रयोग करके व्यक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और देश की समग्र प्रगति में अहम योगदान देते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शमी, सरिता दूबे, रिजवाना शाहीन, नीलम कुमारी, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, सुष्मिता कुमारी, शिवानी कुमारी, अभिषेक पांडेय, संतोष प्रसाद, आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर 24 घंटा चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान : बीडीओ



मेराल (आजाद सिपाही)। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर शनिवार को पुलिस और प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से थाना गेट के सामने एनएच 75 पर गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान सभी आने-जाने वाली गाडियों की डिक्की आदि की बारीकी से जांच की जा रही है। बीडीओ जागो महतो और थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता अनुपालन को लेकर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। बताया गया कि यह जांच प्रक्रिया तीन शिफ्ट में 24 घंटा की जा रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। मेराल प्रखंड एवं चिनिया प्रखंड को एक जोन में रखा गया है, जिसमें दो टीमें लगातार जांच अभियान चला कर वाहनों की जांच की जा रही है।

# मंडरा में एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के धनी मंडरा में शुक्रवार की रात खलिहान से एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किया है। आज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। समाचार के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनिमंडरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के आसपास हथियार है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने दलबल के साथ प्राथमिक विद्यालय के बगल में खलिहान में छापेमारी किया, जहां से खलिहान में रखे राहर के भुसा में एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रहीं हैं।

# दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में अधिगम सहायक सामग्री (टी0एल0एम0 )पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षकों को अधिगम सहायक सामग्री की उपयोगिता, उनको चार्ट और मॉडल में अंतर और चार्ट और मॉडल तैयार करने की विधि बतायी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण में अधिगम सहायक सामग्री का उपयोग करने की आवश्यकता सभी को है। क्योंकि यह सीखने की गति को तीव्र बनाती है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एम0के 0सिंह, कुलसचिव डॉक्टर लल्लन सिंह ने ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, शशिकांत सिंह यादव, डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा, आनंद कुमार चौबेआदि उपस्थित रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में बीएन सिंह तथा एसएन ठाकुर उपस्थित रहे। मंच संचालन जनार्दन शुक्ला के द्वारा किया गया।

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल जल योजना का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सरकार की मंशा थी, कि नल-जल योजना को गांव-गांव पहुंचाया जाये। जिससे ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत न हो और लोगों को आसानी से पानी मिल सके, लेकिन सरकार की मंशा फलीभूत नहीं हो रही है। इसका जीता जागता उदाहरण प्रखंड कार्यालय से डेढ़ किलोमीटर दूर बुका के भुईयां टोला के तीन कोणीया मोड़ पर लगा जल मीनार का मोटर चार माह से खराब होने से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। प्रखंड के ग्रामीण को जल आपूर्ति के लिए चलाई जा रही नल जल योजना का लोगों का लाभ नहीं मिल रहा है। भूईया टोली में संचालित नल जल योजना का मोटर खराब हो जाने के कारण ठप पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हैं। इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है और लोगों को पीने के लिए पानी भी न मिल पाना, यह शासन और प्रशासन दोनों के लिए एक चुनौती से कम नहीं है। आखिर क्या वजह है कि क्षेत्र में पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जबकि इसके लिए शासन लाखों रुपए खर्च कर रहा है। लोगों का कहना है, कि जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की शिकायतों को दूर करने का प्रयास ही नहीं करते हैं। जिसके कारण ही लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को कई-कई घंटे इंतजार के बाद किसी तरह से पानी नसीब हो पा रहा है। ग्रामीणों इंदल पासवान, रंजन कुमार, अजीत कुमार, नितेश कुमार, विवेक कुमार, भानु कुमार,धर्मेंद्र कुमार, पवन कुमार का कहना है कि अगर उच्च अधिकारी इस दिशा में कोई कदम उठाएं तो निश्चित ही उनकी समस्या दूर हो सकती है। कहा कि पीएचडी विभाग जेई से कई बार फोन से शिकायत किया गया लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। जेई देवेंद्र किस्को से मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया।

# मो आसिफ आलम ने एक दर्जन गरीब लोगों की लड़की की शादी में किया आर्थिक सहयोग



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत बांदु पंचायत चुतरू दक्षिणी से पंचायत समिति सदस्य मो० आसिफ आलम ने इस शादी विवाह के सिजन में 17 अप्रैल से लेकर 26 अप्रैल तक लगातार एक दर्जन लोगों के पुत्री की शादी में विवाह उपहार सहित नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। जिसमें ग्राम बांदु निवासी विश्वनाथ भुईयां,राजेश भुईयां, सुरेश भुईयां,रमेश भुईयां, फागु कोरवा,सुदामा कोरवा एवं ग्राम चुतरू निवासी विनोद यादव, भुखन मांझी, रामलोचन यादव, बुधन भुईयां, शंकर यादव के पुत्री की शादी में विवाह में नगद आर्थिक सहयोग के साथ साथ विवाह उपहार चारपाई, तोसक, रजाई, आलमिरा आदि देकर लोगो के दिल में जगह बनाया वही पुण्य के भागी बने।

# वारंटी के घर केतार पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोसडीहरा गांव निवासी मनोज पासवान पिता वशिष्ठ पासवान के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में केतार थाना के द्वारा इस्तेहार चिपकाया गया। जानकारी के अनुसार मनोज पासवान के विरुद्ध केतार थाना कांड संख्या 17/23 दिनांक 26 मार्च 2023 को धारा 366 अ 506आई पीसी और 12 पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जो काफी दिनों से फरार चल रहा है।

# निर्माण कार्य में नहीं रखा जा रहा है रोड सेफ्टी का ख्याल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा : ग्रामीण



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय में एनएच 75 पर शनिवार के तड़के 5 बजे एक राखड़ लोड हाईवा ट्रक संख्या यूपी 64 बीटी 6394 डायवर्सन रोड धंस जाने से पलट गयी। इस हादसे में चालक मिथुन चक्रवर्ती बाल बाल बच गया। उसने बताया की राखड लेकर वह डाल्टनगंज जा रहा था। मेराल में बादल लाइन होटल के सामने निमार्णाधीन सड़क पर एक टेलर से साईड लेने के क्रम में बाएं साईड का पीछला चक्का धस गया जिससे गाड़ी करीब 10 फिट गढ़े में पलट गई। हादसे मे ट्रक का सभी चक्का ऊपर देखकर पहुंचे लोगों ने ड्राइवर को सकुशल देख राहत की सांस ली। **नहीं रखा जा रहा है रोड सेफ्टी का ख्याल:** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत खजूरी से विंधमगंज तक एनएच 75 फोर लेन सड़क निर्माण अंतर्गत मेराल थाना मुख्यालय में फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रगति पर है। सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी के लापरवाही की वजह से यहां लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा करने पर मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि निमार्णाधीन सड़क पर रोड सेफ्टी का ख्याल रखा जाता तो हाईवा ट्रक नहीं पलटती। लोगों ने कहा कि साइड रोड का निर्माण करायें बिना ही फ्लावर का कार्य किया जा रहा है। मेराल बस स्टैंड में जैसे तैसे आवागमन चालू है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ता है किसी दिन बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। हादसे के तीन-चार घंटा बाद कंपनी द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क को ठीक करा कर रोड सेफ्टी के लिए साइड पट्टा लगाया गया।

# ममता भुइयां को जीत दिलाने के लिए सभी दल के नेताओं को दायित्व सौंपा गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पलामू लोक सभा के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को जीत दिलाने के लिए गढ़वा जिले के सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेवारी देने हेतु मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर संजय सिंह यादव राजद प्रदेश अध्यक्ष और गौतम सागर राणा पलामू लोकसभा प्रभारी राजद, रंजन यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष, राजद से विचार विमर्श कर गढ़वा जिला संसदीय समिति सदस्य का चयन किया गया। वाहन कमिटी, जिला स्तरीय कार्यालय कमिटी, सोशल मिडिया प्रभारी तथा प्रेस मिडिया प्रभारी का चयन किया गया। जिसे इस प्रकार जिम्मेवारी सौंपी गयी। जिसमें गढ़वा जिला संसदीय समिति सदस्य-तनवीर आलम खान, ओबेदुल्लाह हक अंसारी, सुषमा मेहता, सुरज सिंह, मंदीप मल्लाह, धर्मेन्द्र सिंह, अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, मनोज ठाकुर, मदनी खान, मासुम खान, नसीम अख्तर, मुस्ताक अंसारी, जैनुल्लाह अंसारी, बसंत यादव, केपी यादव, नंद गोपाल यादव, निर्मल पासवान, धर्मराज पासवान, मुखराम भारती, सुदेश्वर राम, शंभू चन्द्रवंशी, शंभू राम, विकास सिंह कुशवाहा, वरूण बिहारी यादव, छोटू सिंह, शांति देवी, जिप अध्यक्ष, नरेश सिंह, सत्यनारायण यादव, जमीरूद्दीन अंसारी, लल्लू राम, मकबुल खां, मुक्तेश्वर पाण्डेय, अनुमण्डलीय अध्यक्ष, वंशीधर नगर, जे.पी. मिंज, नितेश सिंह, राजकिशोर यादव, प्रवेज आलम, राजा राजेंद्र प्रताप देव, श्रीकांत तिवारी, रामवृक्ष यादव, लालमुनी गुप्ता, प्रभात कुमार दुबे, हरेंद्र चौधरी (अनुमंडल अध्यक्ष, गढ़वा), अभय पांडेय, विरेंद्र चौधरी, कामता प्रसाद, वाहन कमिटी सदस्य- फुजैल अहमद, अभिषेक सिंह, दिवाकर चौबे, नौशाद अली, अजय ठाकुर, जिला स्तरीय कार्यालय टीम- कामख्या नारायण सिंह, अशर्फी राम, नीलू खान, सोशल मीडिया प्रभारी-मोसाहिद हुसैन, कुंदन मेहता, कार्तिक, अहमद, प्रियम, प्रेस-योगेंद्र धीरज को जिम्मेवारी सौंपी गयी।

# छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आगामी 13 मई को होने वाली लोस चुनाव के लेकर शनिवार को बीएसएम कॉलेज के छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी लोग 18 वर्ष पूरा कर चुके है, वें अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। कहा कि सभी अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकसभा के इस महापर्व को सफल बनाएं। कहा की आप अपने एक वोट से एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं, इसलिए अपने वोट के महत्व को समझे और अपना मतदान अवश्य करें। लोकसभा में मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, इसके बल पर सरकारों का गठन होता है, चुनावों के दौरान विद्यार्थी अहम भूमिका निभा सकते हैं। वह अपनी वोट के साथ साथ माता पिता व रिश्तेदारो को भी मतदान करने के लिए उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। प्रोफेसर प्रो. स्कंद कुमार भारती ने मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा की भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लोकसभा का महापर्व तभी सफल होगा जब लोग जागरूक होकर मतदान कर सही प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जिससे हमारा देश उन्नति के शिखर की ओर आगे बढ़ सकेगा। इस मौके पर प्रो. वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनेश सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, संगम कुमारी, शांति कुमारी, राजेश कुमार, अवधेश राम छात्रा प्रभा कुमारी, नेहा कुमारी, रिशु कुमारी, दुर्गा कुमारी, नेहा कुमारी, नूरी कुमारी, सेतु कुमारी अंचला सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


### इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

# भाजपा ने जनता को छलने का काम किया है : विकास मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** खूंटी संसदीय सीट के इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से शनिवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुंडू प्रखंड के दामी, कोलेगहातू, लाबगा, हांजेद, हुसेरहातू, पानसकम, दशम फॉल, लोवाहातू, चुरगी, सारजमडीह, दारूहातू, बारूहातू, तिरिलडीह, रेदा, कोड़दा, हुमता, ऐंदेलहातू आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी और तमाड़ विधायक का स्वागत किया। इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। लेकिन काम की राजनीति नहीं की। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर दिखेगा विकास कार्य, यह मेरी गारंटी है। पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। विकास के नाम पर लोगो के साथ सिर्फ धोका हुआ है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुये विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के स्थानीय सांसद आकर घोषणा करते है और भूल जाते है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियो के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा की अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने जनता से इंडी गठबंधन के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। इस चिलचिलाती धूप में भी लोग बड़ी संख्या में निकले।

### बुंडू में सीपीआइ (एम) के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# खूंटी लोकसभा सीट पर भाजपा को पराजित करने का चलेगा अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुंडू।** सीपीआई (एम) का लाल झंडा फहरा कर पार्टी की बुंडू लोकल कमेटी के स्थाई दफ्तर का आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुंडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए पार्टी सदस्य और समर्थक समारोह में उपस्थित थे। पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए सीपीआई (एम ) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि यह केंद्र इस इलाके के किसानों-मजदूरों, छात्रों-युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न तबकों की समस्याओं और जन मुद्दों को उठा कर उसके समाधान के लिए जारी आंदोलनों का शक्ति केंद्र होगा। झारखंड का यह क्षेत्र सामंतों-महाजनों और ब्रिटिश शासकों के खिलाफ सदियों से मुंडा विद्रोह की मशाल थामे हुए है। इसी गौरवशाली परंपरा को आज सीपीआई (एम) के लाल झंडे के नेतृत्व में आगे बढाने का काम किया जा रहा है। सचिव मंडल सदस्य समीर दास ने कहा कि मुंडा विद्रोह के दौरान इस क्षेत्र में सैकड़ों किसानों और रैयतों ने महाजनी जूल्म और सामंती शोषण के खिलाफ लड़ते हुए अपना जीवन बलिदान किया था इस अवसर पर बोलते हुए पार्टी के पंचपरगना क्षेत्र के प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा कि यह कार्यालय 7 दिन 24 घंटे खुला रहेगा साथ ही इलाके के गरीब लोगों की समस्याओं को हल किए जाने की कोशिश के लिए हमेशा तैयार रहेगा। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी की. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता बुंडू लोकल कमेटी के सचिव मंगल सिंह मुंडा ने की।

मौके पर रामधन मछुआ, पंडा मुंडा, दिवाकर सिंह मुंडा, रंजीत मोदक, लक्ष्मी देवी, बिरसा मुंडा, शिवेश्वर अहिर, जहरु लाल मुंडा राम दयाल मुंडा, अनुप कुमार दत्ता, थैलेश चरण सिंह मुंडा, सहचरी मुंडा, कल्पना मुंडा समेत बुंडू लोकल कमिटी अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से आए पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके पहले 12 अप्रैल को तमाड़ में पाटी कार्यालय का उद्घाटन किया गया था।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** गायत्री पीठ परिवार डकरा के सौजन्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 के सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित गायत्री पीठ परिवार डकरा के नवकुमार बनर्जी, मिथिलेश प्रजापति और राजकुमार यादव ने द्वारा सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने गायत्री पीठ परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार दिए जाने का जो बीड़ा आपने उठाया है वह सराहनीय है। क्योंकि वर्तमान समय में बच्चों में संस्कार धीरे-धीरे कम होती जा रही है। विद्यालय प्रशासक जामवंत सिंह ने कहा कि संस्कारों के द्वारा मनुष्य अपनी सहज प्रवृत्तियो का पूर्ण विकास करके अपना और समाज दोनों का कल्याण करता है। वहीं शिक्षक समर सेन ने कहा कि संस्कार इस जीवन में ही मनुष्य को पवित्र नहीं करते हैं बल्कि उसके पारलौकिक जीवन को भी पवित्र बनाते हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में पंचम वर्ग के रितिका कुमारी और शुभराज गुप्ता को प्रथम, सोनू कुमार गुप्ता को द्वितीय, और लक्ष्मी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं छठे वर्ग के अर्चना कुमारी को प्रथम आरोही प्रिया को द्वितीय और जयकुमार तिवारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सप्तम वर्ग में आदित्य कुमार चैहान को प्रथम, मानव राम को द्वितीय एवं नैना कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। अष्टम वर्ग के आदित्य पासवान को प्रथम, नौशीन फिरदौस को द्वितीय और रेंसी कुमारी को तृतीय पुरस्कार, नवम वर्ग में नैंसी कुमारी एवं सतीश कुमार चैहान प्रथम, प्रीति कुसुम गंझू द्वितीय एवं शुभम कुमार यादव को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दशम वर्ग की संजना कुमारी को प्रथम, नीलम कुमारी को द्वितीय और गजला प्रवीण को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही गायत्री पीठ परिवार की ओर से प्रधानाध्यापक, शिक्षक समर सेन एवं षिक्षिका रेणुका सिंह को उनकी कार्य कुशलता के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

# बूथ लेवल एजेंट की सूची शीघ्र दें राजनीतिक दल : निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचन व्यय से संबंधित दर निर्धारण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार से प्राप्त कोटेशन, होटल बिल, टेंट का बिल, प्रचार सामग्री, न्यूनतम मजदूरी दर आदि के आधार पर विभिन्न आइटम्स का दर निर्धारण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) का वितरण नाम निर्देशन की अंतिम तिथि से प्रारंभ किया जाना है तथा मतदान की तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण का कार्य संपन्न किया जाना है।

उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से वितरण के लिए तैयार किये गये शेड्यूल की प्रति राजनीतिक दलों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के पश्चात बीएलओ द्वारा एएसडी लिस्ट, अनुपस्थित स्थानांतरित और मृत सूची अल्फाबेटिकली तैयार की जायेगी।

# मासिक लोक अदालत में 46 मामलों का निष्पादन, 32.39 लाख का हुआ सेटलमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत एवं बिजली और एनआई एक्ट से संबंधित वादों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। इनमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा की सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में उक्त पांच बैंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 46 मामले का निष्पादन किया गया तथा 32 लाख 39 हजार 400 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। विशेष लोक अदालत में बिजली संबंधित 23 मामले और एनआई एक्ट के चार मामलों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय आरके मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा रजक, पैनल अधिवक्तागण तथा डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज और डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# नये थाना भवन के लिए हुआ भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी अंचल क्षेत्र के मौजा खलारी में खलारी थाना के नये भवन और सीएचसी खलारी भवन के लिए चयनित भूमि में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से उत्तर डीएसपी खलारी कार्यालय के बीच के खाली भूमि को खलारी सीएचसी तथा खलारी थाना भवन के लिए चयन किया गया है। पूर्व में बैंक की ओर से थाना भवन बनना था और डीएसपी कार्यालय की ओर से सीएचसी भवन बनना तय हुआ था। आम लोगों की सुविधा को देखते हुए शनिवार अपराह्न एक निर्णय लेकर इसमें थोड़ा परिवर्तन कर दिया गया। नये निर्णय के अनुसार अब डीएसपी कार्यालय की ओर से खलारी थाना का भवन बनेगा। इससे पूर्व पूर्वाह्न में थाना भवन के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। पुजारी विनोद मिश्रा ने भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अंबश्ट, थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह, अनिल पासवान, रमेशर सिंह, गोपाल सिंह, गौरव सिंह, पप्पू सिंह आदि उपस्थित थे।

# रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार यशस्विनी सहाय का खलारी दौरे के क्रम में हुआ अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय और पुर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने अपने खलारी दौरे पर पहुंचे। इस क्रम में खलारी केडी मुख्य बाजार में गठबंधन के सभी दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों, विभिन्न ट्रेड यूनियन के लोगों, व्यवसायियों एवं आमजनों के द्वारा सुश्री यशस्विनी सहाय और पुर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का नागरिक अभिनंदन किया गया। इससे पुर्व खलारी पहुंचने पर राजन सिंह राजा की अगुवाई में दोनों का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं यशस्विनी सहाय और सुबोधककांत सहाय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं और लोगों के साथ बैठक भी किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए यशस्विनी सहाय ने कहा कि अगर खलारी कोयलांचल के लोग उनपर भरोसा कर जीत दिलाते हैं तो वे यहां की सबसे बड़ी समस्या जैसे विस्थापन, बेरोजगारी, प्रदूषण और स्वस्थ्य सुविधाओं की कमी आदि समस्याओं को दुर करूंगी और बेरोजगारी के कारण जो पलायन हो रहा है उसे रोकने का शत प्रतिशत प्रयास करूंगी। कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष तौर पर काम होगा, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को वेज वोर्ड के अनुसार वेतन और अन्य सुविधा दिलाऊंगी, महिला मजदूर को पुरुषों के बराबर वेतन मिले इस मुद्दे को पार्लियामेंट में उठाऊंगी। वहीं सुबोधकांत सहाय ने भी लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललन सिंह, राजन सिंह राजा, बीएन पांडे, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा देवी, जालिम सिंह, साबीर अंसारी, तनवीर आलम, धीरज बहादुर, इजराइल अंसारी, रौशन लाल, सुल्तान अंसारी, फिरोज आलम, मोनू रजक, सुरेंद्र चैहान, अजमुल अंसारी, रमेश चैहान, राजेश वर्मा, रतन मिश्रा, पप्पू खाँ, रवि सिंह, कृष्णा ठाकुर, पवनराज सिंह, रूवी यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, विकास सिंह, मनोज यादव, राजा केशरी, अशोक कुमार, रितेश सिंह, छोटू सिंह, राहुल ठाकुर, अरूण यादव, पंकज सिंह उपस्थित थे।

## गर्मी में पेयजलापूर्ति चरमरायी, ज्ञापन सौंपा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर पंचायत के वार्ड नं 9 (नवाडीह टोली) में बोरिंग कर पेयजल आपूर्ति हेतु लगाये गये मोटर जल जाने के कारण इस भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति चरमरा गयी है। इस समस्या की अभिलंब समाधान और बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाई जाने के क्रम में सड़कों की खुदाई कर गढ्ढों को समतल कर पुनर्निर्माण न कर छोड़ जाने की स्थिति की समाधान हेतु आजसू पार्टी रांची जिला समिति वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने नगर पंचायत प्रशासक और उपायुक्त रांची को ज्ञापन सौंपा।

## अवैध बालू के खिलाफ हुई छापेमारी, 20 लाख सीएफटी अवैध बालू व तीन ट्रैक्टर जब्त



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के स्वर्णरेखा नदी घाटों में अवैध बालू उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने शुक्रवार रात को छापेमारी अभियान चलाया।छापेमारी के दौरान तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण किए गए 20 लाख सीएफटी बालू व गैरकानूनी रुप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर भी जब्त किया है। छापेमारी के बाद जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा तिरुलडीह थाना में तीन ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं बालू का अवैध भंडारण करने के खिलाफ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

## वादों का तेजी से निष्पादन में मध्यस्थता की भूमिका अहम : प्रधान जिला जज




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डालसा के सभागार में शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और मेडिएटर के लिए मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार ने कहा कि वादों का तेजी से निष्पादन में मध्यस्थता की भूमिका अहम होती है। डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने कहा कि सभी सुलहनीय एवं दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराता है। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद सहित सभी मध्यस्थ धनिक गुड़िया, अनिता वर्मा, रविंद्र कुमार मिश्रा, सुमित कुमार कश्यप, शशिकला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जल-जंगल-जमीन और संविधान बचाने के लिए है यह चुनाव : दयामनी बरला





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बरला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है। दयामनी बरला ने कहा कि केंद्र की निरंकुश सरकार पुनः अगर केंद्र की सत्त में आती है तो यूसीसी कानून लागू करेगा। इससे आदिवासी समाज का अधिकार, पहचान, भाषा, संस्कृति, सीएनटी एक्ट सभी खत्म हो जाएंगे, इसी लिए भाजपा को रोकना होगा। मौके पर सुगनगी के मुखिया विनोद भेंगरा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान, सुनील होरो, गोल्या होरो, लोधा धान, रीता तिडू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## केडीएच परियोजना खदान विस्तारीकरण के मद्देनजर ओबी हटाने का कार्य शुरू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान विस्तारीकरण कार्य को आगे बढ़ाते हुए जामूनदोहर बस्ती पैच में षनिवार को विधिवत पूजन कर ओबी हटाने का कार्य प्रारंभ हुआ। इस मौके पर परियोजना पदाधिकरी अनिल कुमार सिंह, पाहन दुलार गंझू, रतिया गंझू, बिगन सिंह भोगता, विनय खलको, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, रवि, सोमरा गंझू सहित कई ग्रामीणों ने परियोजना की प्रगति, व श्रमिको कि सुरक्षा कि कामना किया। ज्ञात हो कि केडीएच परियोजना सीसीएल की एक महत्वपूर्ण परियोजना है, लेकिन विगत कुछ वर्षो से जमीन अभाव के कारण परियोजना क्षमता अनुसार उत्पादन नहीं कर पा रहा था। नया पैच के शुरू होने से परियोजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने निरधारित लक्षय 10 लाख टन कोयले उत्पादन को आसानी से प्राप्त कर सकेगा। वहीं परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने सभी को नया पैच को षुरू करने में सहयोग प्रदान करनं के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राघवेंद्र गांधी, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार, सुनिल कुमार सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, परमानंद बेहरा, प्रभाकर गंझू, दामोदर गंझू, सोनू सहित कई कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला निर्वाची पदाधिकारी ने किया बज्रगृह और डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को बज्रगृह, डिस्पैच और चुनाव के लिए चिह्नित स्थलों में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए जानकारी प्राप्त की। साथ ही लोयला कॉलेज और बिरसा कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए चयनित कमरों का निरीक्षण यिा और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से चर्चा की। पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने और मेडिकल टीम के लिए स्थान चिह्नित किया गया। उन्होंने पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

## महानगर युवा कांग्रेस ने चुनाव की तैयारियों को लेकर किया मंथन



**घर-घर जाकर युवाओं को ऑनलाइन जोड़ने की पहल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के तत्वाधान में शनिवार को रांची महानगर युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। प्रभारी इशिता सेड़ा उपस्थित थीं। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जानना चाहा कि बूथ में कमेटी बनी है या नहीं। जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है या नहीं। युवा गारंटी कार्ड घर-घर पहुंचा है या नहीं। इशिता ने घर-घर जाकर युवाओं को ऑनलाइन जोड़ने का निर्देश दिया। रांची विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गौरव सिंह ने बैठक में अभी तक की तैयारी की सारी जानकारी दी। इस मौके पर अनादि ब्रह्म, सुरेंद्र सिंह, लोकसभा प्रभारी कमलदीप, राष्ट्रीय सचिव राजेश सिंह सन्नी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि, प्रदेश महासचिव शादाब खान, रमन सिंह बंटी, महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, कार्यकारी अध्यक्ष विक्की ठाकुर, शिल्पी, विकास, आयुष और अब्दुल रहमान आदि उपस्थित थे।

## मोमिन कांफ्रेंस के रांची जिला की नयी कमेटी में जफर ईमाम बने प्रधान महासचिव

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने संगठन का विस्तार करते हुए रांची जिला कमेटी के पदाधिकारियों की नामों की घोषणा की है। शनिवार को अंजुमन प्लाजा स्थित सभागार में एक बैठक में नयी कमेटी की घोषणा की गयी। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद अधिसूचना जारी करते हुए नयी कमेटी की घोषणा की। जारी अधिसूचना के मुताबिक जफर इमाम अंसारी को प्रधान महासचिव बनाया गया है। वहीं अब्दुल गफ्फार अंसारी, दिलरुबा अंसारी, फिरोज आलम, जाकिर हुसैन, शमीम अंसारी, असलम शेख, अब्दुल्लाह हबीब, मो० सामी अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मो तौहीद, प्रो गफ्फार,परवेज अंसारी, अशरफ अंसारी, मसीउद्दीन अंसारी, सयुफ अंसारी, शफीउल्लाह अंसारी और शकील अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मियां जान, कयूम फराज, यासीन अंसारी, आजाद अंसारी, हफीजुर्रहमान अंसारी, अनिसुल रहमान, महबूब अंसारी, रिजवान अंसारी, अशफाक अंसारी, इस्माइल अंसारी, इमरान रजा अंसारी, ऐनुल अंसारी, शफीक अंसारी, कलीम अंसारी, कयूम अंसारी, सत्तार अंसारी एवं सज्जाद अंसारी को महासचिव बनाया गया है। सचिव के पद पर शमीम अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, सलीम अंसारी, महीबुल ओहदार,मो० जावेद अख्तर, मुस्तफा अंसारी, मो० इश्तियाक अंसारी, मसीउद्दीन अंसारी, शफीकुल मजीद, रहीम अंसारी महताब अंसारी ,असलम अंसारी, नासिर अंसारी, जसीम अंसारी, शमशाद अंसारी, शकील अंसारी एवं असलम को मनोनीत किया गया है। सखावत अली, रफीक अंसारी, फिरोज अंसारी, जैनुल हक अंसारी, मोइनुल हक, मतीउर रहमान अंसारी, खलील अंसारी, जलील अंसारी, शमशेर आलम, सलमान खुर्शीद एवं इनाम अंसारी को संगठन सचिव बनाया गया है। अख्तर अंसारी को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं ईमरान अंसारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

## बर्ड फ्लू: दो डॉक्टर समेत छह क्वारेंटाइन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी में होटवार इलाके में बर्ड फ्लू फैला है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में बर्ड फ्लू की चपेट में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो डॉक्टर समेत छह लोगों को क्वारेंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। प्रक्षेत्र के डॉ गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। डॉ गणेश ने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किये। इसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले, इसके लिए जरुरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ रजनीश गुप्ता ने पत्रकारों को बताया है कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरुरत है। जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरुरत है। अगर उन्हें तेज बुखार, सर्दी- जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

## अनगड़ा में डैम में डूबकर युवक की मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महेशपुर और सिमलिया के बीच सड़क गढ़ा के पास शनिवार की सुबह गेतलसूद डैम में डूबकर 33 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान मोहन मुंडा के रूप में हुई है। वह सिमलिया गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा कि मृतक मोहन मुंडा शुक्रवार की रात सिमलिया से महेशपुर लेंभा टोली बारात में गया था। वहां से शनिवार की सुबह करीब 11 बजे पैदल ही डैम के रास्ते घर वापस लौट रहा था। तभी डैम पार करने के क्रम में पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में किया व पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

## इटकी में चौथे दिन भी जलापूर्ति ठप, ग्रामीणों में हाहाकार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में जल संकट गहराता जा रहा है। जल मीनार से शनिवार को चौथे दिन भी जलापूर्ति नहीं हो सकी। वहीं, अत्याधिक दोहन के कारण प्रत्येक गांवों में भूगर्भ जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। इसका असर नदी, तलाब, बांध, चेकडैम, तालाब, कुआं जैसे जलस्त्रोतों पर पड़ रहा है। वहीं, प्रखंड के प्रायः डोभा सुख चुकें है। जलमिनार से जलापूर्ति ठप रहने से लोग अहले सुबह सभी कामकाज छोड़कर पानी के जोगाड़ में निकल पड़ते है। पेयजल के लिए लोगों में हाहाकार मची है।गत बर्ष के अपेक्षा इस वर्ष जलसंकट की काफी बढ़ गई है। प्रखण्ड के नौ पंचायत के गांव के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उदेश्य से विभाग द्वारा करीब 6 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से सोलर जल योजना के तहत 200 जल मिनार निर्माण कराये गये। लेकिन भूमिगत जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सभी जल मिनार खराब होकर बंद पड़े है। मरम्मती के अभाव में प्रखण्ड के 900 चापानल खराब पड़े है। समय रहते खराब चापानल और सोलर जलमीनार को दुरुस्त नहीं कराये जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों पेयजल की समस्या भयावह स्थिति में पहुंच गया है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भाजपा ओरमांझी मंडल की बैठक

# नरेंद्र मोदीजी के हाथों में ही देश सुरक्षित : आदित्य साहू

**रांची के भाजपा प्रत्यासी दो मई को करेंगें नामांकन, ओरमांझी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



ओरमांझी में आयोजित बैठक में शामिल राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व अन्य।

**ओरमांझी।** भाजपा मंडल की आवश्यक बैठक शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें सांसद सह रांची लोकसभा केंद्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ का नामांकन दो मई को किए जाने को लेकर चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि नामांकन रैली में ओरमांझी मंडल से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभासांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू भी शामिल थे। उन्होंन अपने संबोधन में कहा कि भाजपा व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपाई लोभ, लालच त्याग कर देश सेवा भावना से कार्य करते है। नरेंद्र मोदी जी का पूरा देश परिवार है। उन्होंने जो 10 साल में गरीबों के लिए कर दिया वो अब तक नहीं हुआ था। मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज के लिए तीन तलाक का कानून लाकर कितनी बहन बेटियों के जीवन सुरक्षित कर दिए। जम्मू कश्मीर में एक संविधान दो विधान चलता था। उन्होंने 370 धारा खत्म कर जम्मू कश्मीर को अभिन्न अंग बनाया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ काम कर रही है। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक सह प्रभारी रामकुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, ओरमांझी मण्डल प्रभारी नशीबलाल महतो, पार्षद रश्मि खलखो, प्रमुख अनुपमा देवी, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, बालक पाहन, अरविंद बबलू, राजधाम साहू, सुनील कुमार, राजेश गुप्ता, राजकिशोर साहू, राजनाथ उरांव, शशि मेहता, समुंदर पाहन, लालू साहू, मुखिया रमेश बेदिया, किरण देवी, कविता देवी, मणि देवी, लक्ष्मण साहू, रामकिंकर पाहन, रामकुमार मुंडा, राम इकबाल तिवारी, सोनालाल महतो, सोनाराम मुंडा, मीना देवी आदि उपस्थित थे।

# रांची ग्रामीण के सभी प्रखंडों में गांव-गांव जाकर अभाविप कार्यकर्ता करेंगे मतदाताओं को जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो में मतदाता जागरूक अभियान की बैठक में मौजूद अभाविप कार्यकर्ता।

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची जिला ग्रामीण की ओर से शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर अभाविप के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ने सभी कार्यकर्ताओं को उचित मार्गदर्शन दिया। जिले में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाता जागरण का पोस्टर विमोचन किया गया। प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षा के लिए पुनः स्थिर व मजबूत सरकार का चुनाव करना अति आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थी परिषद शत प्रतिशत मतदान हो, यह सुनिश्चित करेगी। इसके लिए अभाविप के हजारों कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों के बीच कैंपेनिंग करेंगे। वहीं, रांची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरव ने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है। इसीलिए पहले मतदान फिर जलपान। वहीं, अभाविप बेड़ो के नगर अध्यक्ष उमेश नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में देश के हम सभी जिम्मेवार लोगों का कर्तव्य बनता है कि चुनाव के दिन सभी मतदान करें। रांची विभाग संयोजक प्रमुख आकाश रक्षित ने कहा कि आज देश में पुनः राष्ट्रवादी सरकार को लाने के लिए हम सभी कार्यकर्ता शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाएंगे। मौके पर रांची जिला संयोजक उत्कर्ष नंद तिवारी, रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आदर्श प्रसाद, कॉलेज उपाध्यक्ष अनिता तिर्की,न गर सोशल मीडिया प्रभारी दिवाकर महतो, सतीश कुमार, श्रवण कुमार, अनिल कुमार, दुर्गा कुमार, प्रियंका लकड़ा, रिया सिंह, निकिता चटर्जी, अंकित कुमार, गौतम बैठा, शिखा सिंह और मनीषा कुमारी आदि मौजूद थे।

# चेक बाउंस के 1860 और विद्युत अधिनियम के 738 वादों का हुआ निष्पादन, 34.41 लाख की राजस्व प्राप्ति

### चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का शनिवार को समापन हुआ। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था, जिसमें एनआई एक्ट के लिए 23 एवं विद्युत अधिनियम के लिए 4 बेंचों का गठन किया गया था। बतातें चलें कि विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण के 1860 एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। पूर्व में ही चेक अनादरण के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को विभिन्न न्यायालय के माध्यम से नोटिस भेजा गया था।

**मासिक लोक अदालत का भी हुआ सफल आयोजन :** मालूम हो कि शनिवार को ही मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया। इसके लिए भी सात बेंच का गठन किया गया था। मासिक लोक अदालत में कुल 361 वादों का निष्पादन किया गया एवं 34 लाख 41 हजार 156 रुपये का समझौता राशि विभिन्न वादों से प्राप्त हुआ।

### लोगों ने लगाया बसों में क्षमता से ज्यादा छात्रों को बिठाने का आरोप

# स्कूल बस पलटी, खलासी सहित 16 बच्चे घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के चुंद गांव में शनिवार की सुबह आठ बजे एक स्कूल बस पलट गई, जिसमें खलासी समेत 16 विद्यार्थी घायल हो गए। बताया जा रहा कि एक बच्ची को सिर में चोट लगी है। उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सेंट मारिया स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। तभी एक तीखे मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खेत में पलट गयी। बस पलटते ही बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। बस दरवाजे से दाहिनी ओर मुड़ गई थी इसलिए कोई भी बच्चा चाहकर भी बस से बाहर नहीं निकल पा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार व स्थानीय लोगों ने बस का शीशा तोड़कर सभी घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला और एंबुलेंस और पुलिस वाहन में डालकर तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सभी बच्चे खतरा से बाहर है। मामले की जानकारी मिलते ही खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि बस में 16 बच्चे सवार थे, जिनमें से 15 बच्चे पूरी तरह खतरे से बाहर हैं। एक बच्चे के सिर में चोट लगी है। इसलिए एहतियात के तौर पर उसका सीटी स्कैन कराया जा रहा है, ताकि अगर कुछ गंभीर हो तो दूसरे अस्पताल में इलाज कराया जा सके। वहीं इस दुघर्टना से अभिभावकों का गुस्सा स्कूल प्रबंधन के खिलाफ फूट पड़ा है। अभिभावकों ने प्रबंधन पर क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि काफी कबाड़ी बस में बच्चों को स्कूल ले जाया जाता है।

### मांडर में दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस के घायल बच्चों से शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात



**रांची (आजाद सिपाही)।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है और घर-परिवार के साथ ही सभी विद्यालयों और विशेष रूप से उन्हें घर से विद्यालय लाने-ले जाने वाले वाहन चालकों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मांडर थाना क्षेत्र के चुंद में एक स्कूल बस की सड़क दुर्घटना में घायल बच्चों और उनके परिजनों से मिलने के लिए मांडर के कांस्टेंट लीवंस हॉस्पिटल में पहुंची विधायक ने कहा कि वे इस बात की पूरी व्यवस्था करेंगी कि सभी घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।

## मैं बच्चे का चाचा हूं कह कर कबाड़ी वाले ने किया मासूम का अपहरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के बड़ाइक मोहल्ला से एक 5 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया गया। मामले को लेकर परिजन गुमला थाना पहुंचे। इसके बाद तत्काल पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल के आस पास से अपहरण की घटना का सीसीटीवी फुटेज खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में एक कबाड्डी वाला रिक्शा के साथ बच्चे को हाथ पकड़ कर ले जाते हुए दिखाई पड़ रहा है। इसके बाद पुलिस ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और पुलिस वाहन में बैठा कर पूरे शहर में बच्चे की खोज शुरू कर दी। लेकिन देर शाम तक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया था। जानकारी के अनुसार रायडीह थाना के हेसाग चेरो टोली निवासी समीर बाखला का 5 वर्षीय पुत्र सलमोन बाखला अपनी मां के साथ बड़ाइक मोहल्ला गया था। उसकी मां अनीता एक्का बड़ाइक मोहल्ला स्थित ग्रामीण बैंक के नीचे मकान में एक व्यक्ति के घर में काम करती है। दिन के 11:00 बजे वह अंदर काम कर रही थी जबकि उसका बेटा बगल के वेल्डिंग दुकान में बैठा था। तभी एक व्यक्ति आया और दुकानदार को बताया कि मैं उसका चाचा हूं। बोलकर वह उस बच्चे को अपने साथ हाथ पकड़ कर ले गया। जब बच्चे की मां काम कर-के लौटी तो अपने बच्चे को नहीं देखी और वेल्डिंग दुकान वाले से पूछने लगी। तब दुकानदार ने बताया कि एक व्यक्ति आया था और वह अपने आप को उसका चाचा बताते हुए उसे अपने साथ लेकर चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी बच्चा नहीं मिलने पर महिला गुमला थाना पहुंची और घटना की सारी जानकारी दी। पुलिस हरकत में आते हुए वेल्डिंग दुकानदार के पास पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं सीसीटीवी फुटेज खंगालने बाद एक कबाड़ी वाले को रिक्शा के साथ देखा गया जो बच्चे का हांथ पकड़ कर उसे लेकर जा रहा था। वही पुलिस कबाड्डी वाले को पकड़ी और पूछताछ की तो उस कबाड़ी ने बताया कि वह बच्चे को उसकी मौसी को दे दिया है। जबकि महिला का कहना है उसकी तीन मौसी है जो दिल्ली में रहती है। कबाड़ी वाले ने बच्चे को कहां रखा है उसका पता नहीं चल पा रहा है। वह तरह-तरह की बातें कर कर पुलिस को गुमराह कर रहा है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी एवं लैंप लाइटिंग का हुआ आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज, बिजुलिया, रातु, रांची में शनिवार को फ्रेशर पार्टी एवं लैम्प लाइटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के बाद मुख्य अतिथि डॉ राजीव रंजन लाल, कॉलेज के प्रबंध निदेशक जैनेंद्र कुमार तथागत और निदेशक प्रियांशु कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कृष्णकांत सिंह समाजसेवी, हरिमोहन सिंह, मंजूर आलम भी उपस्थित रहे। वहीं 2023-2027 के प्रवेशित बीएससी, नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य संध्या खलखो ने शपथ ग्रहण कराया । प्रबंध निदेशक जैनेंद्र कुमार तथागत ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन एवं नर्सों के दायित्वों के बारे बताया । नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का परिचय, रैम्प वाक का भी आयोजन हुआ। जिसमें मिस्टर फ्रेशर राज सिंह एवं मिस फ्रेशर भारती कुमारी को चुना गया। साथ ही राखी, लक्ष्मी, मधु, अर्चना, शांति, बसिस्ट, गीता, अर्पिता, रुचि, शुभ्रत, सोनित, सपना, आर्यन, नदीम, अमरजीत अन्य विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रृष्टि और सोनित ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक हिमांशु सिंह, अकेडमिक हेड आशीष कुमार, निकिता कुजुर, हिना परवेज, प्रतिभा केरकेट्टा, निधि पाठक, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुनसाद मंझर, परमेश्वर महतो, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, अभिषेक गुप्ता, मोकिम अहमद आदि थे।

## अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू ने कुलपति को घेरा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के पीजी परीक्षा शुल्क की बढ़ोतरी के खिलाफ कुलपति का घेराव किया। वहीं रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क काम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था, लेकिन परीक्षा शुल्क कम होने के जगह और बढ़ा दिया गया। यह छात्र छात्राओं के हित में किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। यह निर्णय गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे तबके के छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है। प्रियांशु शर्मा ने कहा कि अगर छात्र हित में अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया तो आंदोलन और तालाबंदी की जायेगी। घेराव के दौरान कुलपति ने आश्वासन दिया कि इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए छात्र हित में उचित निर्णय लिया जायेगा। इस मौके पर रोहित चौधरी, मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, आकाश अनमोल, विशाल कुमार यादव, साहिल अनमोल, सैफ, दानिश, प्रभात सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में इंटर हाउस आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता का समापन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर नगड़ी कुदलुम में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक शनिवार को तरह-तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती है। जिसमें इस दिन आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। वर्गानुसार सभी विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तरह तरह के क्राफ्ट बनाए। शिशु वर्ग के विद्यार्थियों ने आइसक्रीम स्टिक से कई आकर्षक क्राफ्ट बनाया, जिसमें नाव, पेन स्टैंड, फोटो फ्रेम आदि शामिल था। वहीं, बाल वर्ग के विद्यार्थियों ने माचिस की तिल्लियों से कई सुंदर डिजाइन बनाए जिसमें वॉल हैंगिंग, सजावट के लिए झालर आदि शामिल था। वहीं, किशोर और तरुण वर्ग में विद्यार्थियों ने आर्ट और क्राफ्ट के लिए कपड़े, रूई और जूट के उपयोग से हैंड बैग, कढ़ाईदार रुमाल, सॉफ्ट टॉयज( कोमल खिलौने) जैसे चीजों का निर्माण किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा कि इससे विद्यार्थियों में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति जागरूक आयेगी और भविष्य में हमारे विद्यालय के विद्यार्थी आत्मनिर्भर हो सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में निश्चित रूप से सकारात्मक प्रतियोगिता का विकास होता है।

**प्रचार: कोडरमा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी का नामांकन 2 मई को**

# झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा एनडीए : बालमुकुंद सहाय

**जमुआ में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा केंद्र से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी के नामांकन दाखिल करने को लेकर शानिवार को जमुआ स्थित थाना के समीप भाजपा मंडल चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जमुआ विधायक केदार हाजरा ने किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय और भाजपा नेता अशोक उपाध्याय भी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और संचालन प्रखंड़ महामंत्री महेंद्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर बालमुकुंद सहाय ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो बूथ स्तर पर संगठित कमेटी के आधार पर चुनाव लड़ती है। कार्यकर्ता का संपर्क मतदाता से सीधा रहता है। भाजपा प्रथम चरण के चुनाव में बहुत आगे चल रही है। कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार के क्रियाकलाप से जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। जब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और जेल के सलाखों में बंद है ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने की योजना जनता बना चुकी है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 14 लोस सीट पर जीत दर्ज करेगी। वहीं, जमुआ विधायक केदार हाजरा ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन देश, राज्य व विकास विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव तक सड़क और बिजली पहुंची। उन्होंने कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ पर भाजपा की बढ़त है। कहा कि दो मई को भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी का नामांकन है। जिसमें पार्टी के हर बूथ से कार्यकर्ता गिरिडीह झंडा मैदान में जायेंगे और शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सभी पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ संयोजक को जबाबदेही दिया गया है। जनता भाजपा की नीतियों पर पूर्ण विश्वास करती है। भाजपा राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेंगी। मौके पर भाजपा नेता अशोक उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि बैजनाथ प्रसाद यादव, खोरीमहुआ अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि केदार यादव, प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, नरेश यादव, महेंद्र कुमार, आरएसएस खंड प्रमुख बालगोविंद यादव, दयानंद प्रसाद राय, कृष्णदेव राय, अंनत साव, मनोज हाजरा आदि मौजूद थे।

## आइएनडीआइ गठबंधन देश, राज्य और विकास विरोधी है : विधायक



भाजपा के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेतागण।

# ढुल्लू महतो का नामांकन 30 को

## शामिल होंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री व बाबूलाल मरांडी

**नेता-कार्यकर्ता प्रयास करें कि प्रत्येक बूथ से भारी संख्या में लोग उपस्थित हों : राज सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता





पत्रकारों से बाते करते सांसद पीएन सिंह। मौके पर मौजूद विधायक व अन्य।

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा केंद्र से भाजपा के प्रत्यासी ढुल्लू महतो आगामी 30 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगें। उनके नामांकन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और झारखंड भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। 30 अप्रैल को ही गोल्फ ग्राउंड में भाजपा की एक जनसभा भी होगी। इसकी जानकारी सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने दी। वे शनिवार को भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकर्ताओं की जिला कार्यालय में हुई बैठक के बाद बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने की। सांसद पीएन सिंह ने कहा कि दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को संकल्पित होकर जुट जाना है। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में सभी प्रयास करें की प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता-समर्थक शामिल हों। कहा कि धनबाद विधानसभा से भी ऐतिहासिक उपस्थित होगी। वहीं, लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि यह चुनाव देश को और शक्तिशाली व आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए। वहीं, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं। निश्चित रूप से धनबाद में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय प्राप्त करेगी। जबकि महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 को होने वाले नामांकन और जनसभा में भजपा धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट और जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा, महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, भरत यादव, रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिन्हा, जिला महामंत्री रवि सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी आदि थे।

## बिना नंबर प्लेट की बाइक व अवैध महुवा शराब जब्त

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मुहिम चलाकर शनिवार की सुबह लोयाबाद रेलवे स्टेशन के समीप से बिना नंबर प्लेट की एक बाइक सहित अवैध महुवा शराब जब्त की है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक तिलाटांड के गुप्ता जी द्वारा एकड़ा महतो बस्ती, एकड़ा चालीस नंबर धौड़ा, एकड़ा आदर्श नगर के पीछे के सभी होटलों और चाय दुकानो में प्रतिदिन हजारों लीटर देशी व नकली शराब की आपूर्ति की जाती है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने उक्त छापामारी की। वहीं, थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त बाइक को जब्त कर अज्ञात व्यवसाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही दूसरी जगहों से छापामारी कर 12 लीटर महुआ शराब भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध धंधा संचालित होने नहीं दिया जाएगा।

## श्री श्री विष्णु महायज्ञ 29 अप्रैल से होगा शुरू

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** संडे बाजार नीचे क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री श्री विष्णु महायज्ञ एवं भागवत महापुराण कथा का आयोजन 29 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। 29 को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो नीचे क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण से संडे बाजार होते हुए बेरमो रेलवे स्टेशन के समीप दामोदर नदी से जल भरकर वापस संडे बाजार नीचे क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण यज्ञ शाला में पहुंचेगी।

# कुछ लोगों के पास समस्या पर नहीं, सिर्फ रंगदारी व माफिया पर चर्चा करने का ज्ञान है : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** झरिया में माफिया मानसिकता वाले लोगों की समस्याओं पर चर्चा नहीं होने देते। उन्हें सिर्फ रंगदारी और माफियागिरी पर ही चर्चा करनी आती है। उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कही। वे शनिवार को बस्ताकोला सोनार बस्ती में नमो क्लब की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माफिया रंगदार एक मंच पर आकर मुझे नुकसान पहुंचाने की जीतोड़ कोशिश कर रहे हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नही हैं। मैं उनके मसूबे को सफल होने नहीं दूंगा। समस्याओं के निदान करने के लिए मुझे पार्टी ने चुनावी मैदाना में उतारा है। इस दौरान स्थानीय महिलाओं से क्षेत्र की समस्याओं को भी सुना। महिलाएं क्षेत्र में भारी जल संकट एवं हैवी ब्लास्टिंग से त्रस्त होने की बात कही। मौके पर लकी यादव, बप्पी बाउरी, अनिल नोनिया, संजू पासवान, रिंकू शर्मा, संतोष रवानी, अनूप यादव, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, संजय ठाकुर, कुणाल पासवान, राकेश गुप्ता, बंटी पासवान, राजू गोप, रामदेव शर्मा, तरुण राय आदि उपस्थित थे।

# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध थाने में एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला व बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने शनिवार को मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि बरोरा पुलिस द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर की इस दिन जांच की गई। जिसमें पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लादा गया है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है। जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, उसके मालिक, ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर, दोनों ट्रैक्टर के मालिक और उसके चालकों व इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों और आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है।


# झारखंड सरकार ने नहीं बनने दिया धनबाद में हवाई अड्डा : विजय झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** समाजसेवी व पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने जीएफ नीति (2008) के तहत धनबाद में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा के निर्माण के लिए राज्य सरकार से अनुरोध दिया था। पर तात्कालिक सरकार ने उस अनुरोध को ठंडे बस्ते में रख दिया। केंद्र सरकार को प्रस्ताव ही नहीं भेजा। जिस कारण धनबाद में नए हवाई अड्डे का निर्माण नहीं हो सका। शनिवार को पुनः विजय झा ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि सही में अगर सरकार धनबाद का विकास चाहती हैं तो हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। क्योंकि धनबाद में जगह की कमी नहीं है। जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं?। उन्होंने फिर कहा कि धनबाद में नए हवाई अड्डा के निर्माण के लिए मैंने 28 दिसंबर 2023 को केंद्रीय नगर विमानन मंत्रालय को एक पत्र लिखा था जिसका जवाब विगत 25 अप्रैल 2024 को केंद्र सरकार के अपर सचिव अमित कुमार झा द्वारा प्राप्त हुआ। पत्र का अवलोकन करने पर पता चला कि नगर विमानन भारत सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत राज्य सरकार ने मंत्रालय को नहीं दिया है। यह पत्र सही में चौकानें वाला है। इस लिए मैं पुनः राज्य सरकार को अनुरोध कर रहा हूं कि केंद्र को धनबाद हवाई अड्डे के लिए आवेदन भेजे।







## एक मई को धनबाद लोकसभा से जगदीश रवानी करेंगे नामांकन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की बैठक शनिवार को भूली ए ब्लॉक में हुई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद तिवारी ने की। जिसमें मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में पवन महतो ने कहा कि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एक मई को धनबाद लोकसभा केंद्र से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगें। धनबाद लोकसभा से जगदीश रवानी की जीत के लिए मायुमो कार्यकर्ता तन मन धन से जुट जाएं। बैठक में राजेश रवानी, विक्की रजक, मंटू रवानी राजकुमार महतो, सुबोध महतो, शंकर महतो, लाल रजक, ननकू रवानी आदि मौजूद थे।

# बोकारो जनरल अस्पताल में चार नये एंबुलेंस औपचारिक रूप से शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) में चार नए एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन), सुरेश रंगानी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा), राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य), बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स, अधिकारी आदि शामिल थे। नए एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें से दो एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दो बीजीएच में तैनात रहेंगे और बीएसएल प्लांट व टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होगी। बीएसएल प्रबंधन अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 06542-289055 जारी की है जिसपर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

**नाराजगी : पुलिस-प्रशासन के समझाने के डेढ़ घंटे बाद उठा सड़क अवरोध**

# वाहन के धक्के से एक की मौत, नाराज परिजनों-ग्रामीणों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक दिलीप गंझू की फाइल फोटो।



शव आने के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-जैनामोड़ के फुसरो नया रोड में होंडा शो रूम के शुक्रवार की रात 11.30 से 12 बजे के बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात होने की वजह से घटना के बाद चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा। मृतक की पहचान दिलीप गंझू के रूप में हुई है। 40 वर्षीय दिलीप राजाबेड़ा, ढोरी बस्ती का रहने वाला था। उधर, पार्षद प्रतिनिधि रमेश स्वर्णकार को जानकारी मिलते ही लोगों को बुलाकर थाने को सूचित किया। वहीं, खबर पाकर बेरमो पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से शव को सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल के शव गृह में रखवाया। उधर, शनिवार की सुबह पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया। मृतक के छोटे भाई मुकेश गंझू ने बताया कि दिलीप गंझू फुसरो हनुमान मंदिर के समीप हो रहे एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से अपने घर पैदल ही लौट रहा था। तभी किसी वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि वो पानी की कंपनी में काम करते थे। उनकी 2017 में शादी हुई थी और 6 महीने बाद ही तलाक हो गया था।

## परिजनों ने की सड़क जाम

उधर, शव के पोस्टमार्टम कराकर आने के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए जैनामोड़-फुसरो मुख्य मार्ग पर बैठ गए और जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसकी सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। वहीं, अंचल कार्यालय के सीआई रवि कुमार भी मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने कहा कि यह घटना अनियंत्रित रूप से चल रहे हाईवा के कारण हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हाईवा की पहचान कर मुआवजा दिलाए। साथ ही वहां स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की गई। पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद स्थानीय मदद से 11 हजार रुपए का नगद मदद राशि दी गयी। साथ ही हिट एंड रन मामले में मिलने वाली राशि जल्द दिलाने का आश्वाशन दिया। इसके करीब डेढ़ घंटे बाद जाम हटाया गया। इस मौके पर बेरमो थाना के अधिकारी विक्रांत कुमार, रॉकी बाबा, अनूप नारायण सिंह, अरुण कुमार दूबे, मृत्युंजय कुमार सिंह, आरएए किस्पोट्टा, पार्षद प्रतिनिधि रामेश स्वर्णकार, सिकंदर ठाकुर, पूर्व पार्षद सहोदरी देवी, नप कर्मी राजीव रंजन सिंह, वीरू गंजू, शंभू नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग (प्रेक्षक कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Sri. Tangirala Muralidhar (IRS) **Expenditure Observer** **Mob. No.-8092559737** | 23- Ramgarh 24-Mandu | New Circuit House **(Koel)** | Mr. Tipu Sultan, Project Manager (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.-**8860587182** |
| 02 | Sri. Rajesh Vithalrao Shelke (IRS) **Expenditure Observer** **Mob. No.8987833278** | 21-Barhi 22-Barkagaon 25-Hazaribag. | New Circuit House **(Bhairvi)** | Mr. Sajjad Ansari, Project Manager, (PMU) DMFT, Hazaribag. Mob. No.-**8789639390** |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु मिलकर अथवा उपरोक्त अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

(मिलने का समय – 06:00 PM से 07:00 PM तक)

निदेशानुसार।
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग–सह–नजारत उपसमाहर्ता
हजारीबाग।

PR.NO. 324142Election (24-25):D

## न्यूज रील्स

### सड़क हादसे में तीन की मौत



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिले के पंचमहला के पास एक दुखद सड़क दुर्घटना हुई। रिपोर्टों के अनुसार, तीन युवक मोटरसाइकिल पर अंगुल की ओर आ रहे थे, जब ट्रक ने उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 55 पंचमहल के पास पीछे से टक्कर मार दी और मौके पर ही तीनों का मौत हो गयी। मरने वालों में डेरेजांग गांव के छोटू प्रधान, राजेंद्र प्रधान और कृपा प्रधान हैं। घटना को लेकर हंगामा मचा हुआ है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग करके धरना पर बैठे हुए है।

### मणिपुर में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गये। वहीं, दो जवान घायल हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और चार बम भी फेंके। यहां सीपीआरएफ की चौकी के अंदर दो धमाके हुए। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर भाग गये। घटना में सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के इंस्पेक्टर जादव दास, सब इंस्पेक्टर एन सरकार, हेड कॉन्स्टेबल अरूप सैनी और कॉन्स्टेबल आफताब हुसैन घायल हो गये। इनमें एन सरकार और अरूप सैनी की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# सिमलीपाल अभयारण्य में लगी आग

**आग एक पहाड़ी से दूसरी पहाड़ी की ओर बढ़ रही है**

**आग बुझाने के लिए वन विभाग के कर्मचारी और ओड्राफ की टीम लगी हुई है।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सिमिलिपाल अभयारण्य में आग लगी हुई है। नतीजतन, 2750 वर्ग किलोमीटर का सिमिलिपाल अभयारण्य अब खतरे में है। आग एक पहाड़ी से दूसरी पहाड़ी की ओर बढ़ रही है। आज सिमिलिपाल के 35 प्वाइंट पर फिर से आग लगी हुई है। आग दक्षिण सिमलिपाल में 22 और उत्तर सिमलिपाल में 13 स्थानों पर आग लगी हुई है। दिन के दौरान आग लगने के स्थान अधिक होने की सूचना है। वन विभाग के कर्मी और ओडीआरएएफ की टीमें आग बुझाने में लगी हुई हैं। सिमिलिपाल में लगी आग के कारण कई मूल्यवान पेड़ों के साथ-साथ जंगली जानवर और औषधीय पौधे अब खतरे में हैं। सिमिलिपाल अभयारण्य में 284 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद वन विभाग आग को रोक नहीं पा रहा है। आग बुझाने के लिए लगभग 300 दलों का गठन किया गया है। इसमें 1,000 से अधिक स्थायी और अस्थायी कर्मचारी शामिल हैं।

लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। हालांकि, विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की है कि व्यापक तैयारियों के बावजूद राज्य में जंगलों में आग लग रही है। उन्होंने कहा, अगर यह जारी रहा तो ओड़िशा में जंगल रेगिस्तान बन जायेगा।

## दिल्ली सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रोड शो किया

# बोलीं, आपका सीएम शेर है, उसे कोई तोड़ नहीं सकता

**आजाद सिपासी संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आप के लिए प्रचार शुरू किया। उन्होंने पूर्वी दिल्ली से पार्टी उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि आपका सीएम शेर है, उसे कोई तोड़ नहीं सकता, झुका नहीं सकता। हम तानाशाही हटाने, लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेंगे। सुनीता का यह पहला रोड शो था। सुनीता ने मतदाताओं को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने शराब घोटाला मामले को लेकर कहा कि 10 साल तक जांच चलेगी तो क्या 20 साल जेल में रखेंगे। ये तो तानाशाही और गुंडागर्दी है। 22 साल से शुगर है, 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, क्या ये केजरीवाल को खत्म करना चाहते हैं। केजरीवाल का कसूर ये है कि उन्होंने दिल्ली में बिजली फ्री की। मोहल्ला क्लीनिक बनवाये। इसलिए उन्हें अरेस्ट किया। ये देश तानाशाही की तरफ जा रहा है, इसे बचा लो। वोट की ताकत को समझें। हम सब तानाशाही से लड़ेंगे और जीतेंगे। सुनीता केजरीवाल रविवार को भी दिल्ली के अलग-अलग इलाके में रोड शो करेंगी। इसके अलावा वो पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी चुनाव प्रचार करेंगी और पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए नजर आयेंगी।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

## भाजपा ने उज्वल निकम को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से टिकट दिया, आतंकी कसाब को इन्होंने ही सजा दिलायी थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को टिकट दिया है। 2019 में भाजपा ने इस सीट से पूनम महाजन (दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी) को टिकट दिया था। पूनम ने जीत भी दर्ज की थी। उज्ज्वल निकम ने 26/11 मुंबई हमले के दोषी आतंकी अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ा था और उसे फांसी दिलायी थी। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार 27 अप्रैल को असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बहती नदी की तरह है। कुछ लोगों के चले जाने से इस पर कोई असर नहीं पड़ता।

# सीइआरसी प्रतिनिधिमंडल ने पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण (सीईआरसी) के अध्यक्ष, जिष्णु बरुआ, आइएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में एक सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने 25 अप्रैल,2024 को कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) रांची का दौरा किया। शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन) एनटीपीसी और अध्यक्ष (एनएमएल) ने प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और जयशंकर श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त) एनटीपीसी की गरिमामय उपस्थिति में सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल को खनन में आने वाले संचालन और चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की। और 26 अप्रैल,2024 को सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी की फ्लैगशिप परियोजना, हजारीबाग में पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने खनन कार्यों का अध्ययन करने के लिए एनटीपीसी कोयला खदानों का दौरा किया। इस दौरे में पकरी बरवाडीह खान का ऑपरेशन और ओवरबर्डन (ओबी) क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महिला डंप चालक से बातचीत की और उन्हें अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। सीईआरसी टीम ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के बैनर तले हाल के दिनों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और शानदार प्रदर्शन हासिल करने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल दल में अरुण गोयल, सदस्य (वित्त) श्री प्रवास कुमार सिंह, सदस्य (कानून) हरप्रीत सिंह प्रूथी, सचिव, राजीव पुष्करणा, प्रमुख, वित्त प्रभाग, डॉ. एस के चटर्जी प्रमुख, नियामक मामले शामिल थे। श्री अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) फैज तैयब, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, रजनीश रस्तोगी, सीजीएम (एचआर), कॉर्पोरेट वाणिज्यिक टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख दौरे के दौरान मौजूद थे।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

## रायगड़ा और तालचेर के पास सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य

# रायगढ़ा और कोरापुट के बीच टिकिरी-सिंगाराम लक्ष्मीपुर सड़क खंड के दोहरीकरण का काम शुरू

**तालचेर और तालचेर रोड स्टेशनों के बीच अंगुल-सुकिंदा रेल लाइन और चौथी लाइन से जुड़ना**

**दो जोड़ी ट्रेनें कुछ दिनों के लिए अस्थायी रूप से रद्द रहेंगी**

**तीन जोड़ी ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण**

### सात जोड़ी ट्रेनें तालचेर स्टेशन को बाइपास करती हैं और तालचेर रोड पर पांच दिनों के लिए रुकने की सुविधा प्रदान करती हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** रायगढ़ा-कोरापुट रेलवे खंड में टिकिरी-सिंगाराम-लक्ष्मीपुर रोड स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य शुरू करने के लिए और तालचेर रोड स्टेशन पर अंगुल-सुकिंदा रेल लाइन को जोड़ने के लिए सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के साथ-साथ तालचेर रोड और तालचेर के बीच चौथी लाइन शुरू करने के लिए, कुछ ट्रेनों को रद्द करने, आंशिक रूप से रद्द करने और मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है।

**ट्रेनों का रद्दीकरण:** 18512/18511 विशाखापत्तनम-कोरापुट-विशाखापत्तनम द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 29 अप्रैल, 3 और 6 मई को और कोरापुट से 30 अप्रैल और 4 और 7 मई को रद्द रहेगी। 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 2 मई के बीच राउरकेला से और 28 अप्रैल से 3 मई 2024 के बीच पुरी से रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण**

08546/18545 विशाखापत्तनम-कोरापुट-विशाखापत्तनम स्पेशल विशाखापत्तनम से 28 अप्रैल से 8 मई 2024 के बीच और कोरापुट से 28 अप्रैल से 9 मई 2024 के बीच रायगडा और कोरापुट के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। 08108/18107 जगदलपुर-राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 7 मई के बीच राउरकेला से और 28 अप्रैल से 8 मई 2024 के बीच जगदलपुर से रायगढ़ और जगदलपुर के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। 18005/18006 हावड़ा-जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 26 अप्रैल से 6 मई के बीच हावड़ा से और 28 अप्रैल से 8 मई 2024 के बीच जगदलपुर से टिटिलागढ़ और जगदलपुर के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। तालचेर स्टेशन को बायपास करने वाली डायवर्जन ट्रेनें और तालचेर रोड स्टेशन पर ठहराव प्रदान करना: 08427/08428 अंगुल पुरी-अंगुल स्पेशल 28 अप्रैल से 2 मई 2024 के बीच दोनों दिशाओं से। 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस पुरी से 28 अप्रैल से 2 मई 2024 के बीच और दुर्ग से 27 अप्रैल से 2 मई 2024 के बीच। 18451/18452 हटिया-पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 28 अप्रैल से 1 मई 2024 के बीच दोनों दिशाओं से। 20807/20808 विशाखापत्तनम-अमृतसर-विशाखापत्तनम हीराकुंड एक्सप्रेस 30 अप्रैल को विशाखापत्तनम से और 27 और 28 अप्रैल 2024 को अमृतसर से। 20831/20832 शालीमार-संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस 29 अप्रैल और 1 मई को शालीमार से और 28 और 30 अप्रैल और 2 मई 2024 को संबलपुर से। 20862/20861 अहमदाबाद-पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 26 अप्रैल को अहमदाबाद से और 1 मई 2024 को पुरी से। 12146/12145 पुरी-एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस 30 अप्रैल को पुरी से और 28 अप्रैल 2024 को एलटीटी से।

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's Today
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# उत्तराखंड के जंगलों में चार दिन से आग लगी

**11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित**

**आर्मी एरिया के करीब पहुंची, सेना के हेलिकॉप्टर लगाये गये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देहरादून।** गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गयी हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले चार दिनों से लगी आग खतरनाक हो गयी हैं। लपटें नैनीताल हाइकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गयीं। हालांकि अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है। लोगों को अलर्ट किया गया है।

वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। आर्मी एरिया में आग पहुंचती देख एयरफोर्स के एमआइ-17 हेलिकॉप्टर की मदद ली गयी। सुबह से शुरू हुआ ऑपरेशन शाम को खत्म हो गया।

अब तक 720 हेक्टेयर (1780 एकड़) जंगल को नुकसान पहुंचा है। यह आंकड़ा और बढ़ेगा।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office: 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**